● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 127, पृष्ठ : 08, सीधी, शुक्रवार, 13 जून 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ





कबीरदास जयंती पर सैनी सरकार का तोहफा 5

गंभीर ने इंग्लैंड दौरे को यादगार बनाने के लिए दी सलाह 6

# अहमदाबाद प्लेन क्रेश में 241 यात्रियों की मौत, एक जीवित बचा

**बोइंग विमान ने अहमदाबाद से लंदन के लिए भरी थी उड़ान**

**टेक ऑफ करने के साथ ही प्लेन हादसे का शिकार हो गया**

**इसमें 53 ब्रिटिश, 1 कनाडा और 7 पुर्तगाल के लोग सवार थे**



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आज एयर इंडिया का विमान क्रैश हो गया। अहमदाबाद-लंदन जाने वाला विमान उड़ान भरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। फ्लाइट ने दोपहर 1 बजकर 38 मिनट पर उड़ान भरी थी और उसके 5 मिनट बाद क्रैश हो गया। अहमदाबाद के पुलिस कमिश्नर जीएस मलिक ने बताया कि इस हादसे में विमान में सवार सभी 241 लोगों की मौत हो गई है। एक यात्री के बचने की खबर है। फिलहाल उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। उनका नाम रमेश विश्वस कुमार बताया जा रहा है। वे 11ए सीट पर सफर कर रहे थे। मेघानी नगर के रिहायशी इलाके में एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। दुर्घटना के बाद कई किलोमीटर तक धुएं का गुबार देखा गया। आशंका है कि प्लेन में 242 लोग सवार थे। प्लेम अहमदाबाद से लंदन जा रहा था। एयरपोर्ट से टेक ऑफ करने के साथ ही एयर इंडिया का ये विमान हादसे का शिकार हो गया। एएनआई से फोन पर बात करते हुए अहमदाबाद के पुलिस कमिश्नर जीएस मलिक ने कहा, पुलिस को सीट 11ए पर एक जीवित व्यक्ति मिला। एक जीवित व्यक्ति अस्पताल में पाया गया है और उसका इलाज चल रहा है। अभी तक मौतों की संख्या के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि विमान आवासीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। अहमदाबाद विमान दुर्घटना में घायल हुए एमबीबीएस छात्रों के बारे में एफएआईएमए डॉक्टर्स एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक डॉ. रोहन कृष्णन कहते हैं, हमें जानकारी मिली है कि विमान बीजे मेडिकल कॉलेज के परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। एमबीबीएस छात्रों के छात्रावास और सुपर स्पेशियलिटी डॉक्टरों के आवासीय ब्लॉक को नुकसान पहुंचा है। हमें 50 लोगों के घायल होने की जानकारी मिली है। पांच लोगों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। वहां खून की जरूरत है। अहमदाबाद में गुरुवार को हुए विमान हादसे में राजस्थान के बांसवाड़ा के पांच यात्रियों की मौत हो गई। चिकित्सक दंपती के साथ ही उनके तीन बच्चे हादसे में काल-कवलित हो गए। पूर्व सीएम विजय रुपाणी का अहमदाबाद विमान हादसे में निधन, पत्नी व बेटी से मिलने जा रहे थे लंदन। इससे बांसवाड़ा में शोक की लहर छा गई। जानकारी के अनुसार अहमदाबाद विमान हादसे में बांसवाड़ा की रातीतलाई कॉलोनी निवासी डॉ. जे.पी. जोशी के पुत्र प्रतीक, पुत्रवधू डॉ. कोनी और उनके तीन बच्चे मिराया, नकुल और प्रद्युत की मौत हुई है। डॉ. कौमी उदयपुर के पेसिफिक मेडिकल कॉलेज उदयपुर में कार्यरत थी और कुछ दिन पहले ही उन्होंने त्यागपत्र दिया था। बताया जा रहा है कि डॉ. प्रतीक लंदन में रेडियोलॉजिस्ट के पद पर किसी चिकित्सकीय संस्थान से जुड़े हुए थे और गुरुवार को वह परिवार सहित लंदन शिफ्ट होने के लिए रवाना हुए थे। किन्तु विमान हादसे में दंपती सहित तीनों बच्चों की मौत हो गई। दुर्घटनाग्रस्त एयर इंडिया विमान में सवार यात्रियों में से एक महेंद्र वासंडिया के रिश्तेदार ने कहा, मेरे छोटे भाई और उनकी पत्नी विमान में थे और वे लंदन में अपनी बेटी से मिलने जा रहे थे... मुझे अभी तक कोई जानकारी नहीं है।

# बीते 11 साल बुनियादी ढांचा क्रांति का दशक, बढ रही जीवन सुगमता :पीएम



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र सरकार के 11 साल को देश के लिए बुनियादी ढांचा क्रांति बताया। उन्होंने कहा, 2014 से देश में बुनियादी ढांचा गति से विकसित हुआ है। यह जीवन सुगमता को बढ़ावा देने के साथ समृद्धि को भी बढ़ा रहा है।

मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, बुनियादी ढांचे में क्रांति के 11 साल हो गए। उन्होंने कहा कि रेलवे से लेकर राजमार्गों, बंदरगाहों से लेकर हवाईअड्डों तक, भारत का तेजी से फैल रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क जीवन सुगमता को गति प्रदान कर रहा है। पीएम ने सरकार के नागरिक सहभागिता मंच से एक थ्रेड साझा किया, जिसमें पिछले 11 वर्षों में नए भारत के बुनियादी ढांचे के विकास पर प्रकाश डाला गया। माईजीओवीइंडिया पर पोस्ट में लिखा गया, स्मार्ट सिटी। सुरक्षित सड़कें। सुगम आवागमन- नए भारत के बुनियादी ढांचे का वादा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का बुनियादी ढांचा भविष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

पीएम ने लिखा, यह एक ऐसी यात्रा है जिसमें इस्पात और आत्मा का संगम होता है। प्रत्येक मील का पत्थर एक अरब लोगों की उम्मीदों को लेकर चलता है। राजमार्ग जो दूरियों को कम करते हैं, पुल जो समुदायों को जोड़ते हैं और डिजिटल नेटवर्क जो नवाचार को बढ़ावा देते हैं। भारत बुनियादी ढांचे से कहीं अधिक का निर्माण कर रहा है। यह आत्मविश्वास, कनेक्टिविटी और हर भारतीय सपने के लिए एक सुंदर कैनवास का निर्माण कर रहा है। पोस्ट में कहा गया कि गति परिवर्तन केवल प्रगति के बारे में नहीं है, यह प्रत्येक नागरिक के उत्थान और भारत के भविष्य को बदलने के वादे के बारे में है। यह एक आत्मनिर्भर भारत की नींव रख रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में मंत्रियों को विवादित टीका-टिप्पणी से बचने और सिर्फ अपने मंत्रालय की उपलब्धियां बताने तक ही खुद को सीमित रखने के निर्देश दिए हैं। पीएम मोदी ने बुधवार को हुई बैठक में मंत्रियों से कहा कि बेवजह की विवादास्पद राजनीतिक टिप्पणियों से खुद को दूर रखें। उन्होंने सभी मंत्रियों को उपलब्धियां गिनाने के लिए व्यापक तैयारी करने का भी निर्देश दिया।

**सीएम योगी की छात्रों को बहुमूल्य सलाह**

# स्मार्ट फोन का प्रयोग करें पर इसके पिछलग्गू न बने



**लखनऊ।** आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विद्यार्थियों को बहुमूल्य सलाह दी। उन्होंने कहा कि मेधावियों को स्मार्ट फोन वितरित किए जाते हैं। टैबलेट वितरित किए जाते हैं लेकिन ध्यान रखें कि इसका प्रयोग अपनी जिज्ञासाओं को शांत करने के लिए करें इस पर पूरी तरह से निर्भर न हों। आजकल देखा जाता है कि लोग लगातार स्मार्टफोन पर ही व्यस्त रहते हैं। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन का अधिक उपयोग बच्चों को कुंद बना देता है। याददाश्त को कमजोर बना देता है। आधे घंटे इसका उपयोग कीजिए, जिससे आपका काम चल जाए। चार-पांच घंटे मत दीजिए।

उन्होंने छात्रों को सलाह देते हुए कहा कि स्मार्टफोन का उपयोग अपना ज्ञान बढ़ाने में, डिजिटल लाइब्रेरी के लिए करें। अगर आप स्मार्टफोन के पिछलग्गू बन जाएंगे तो जैसे इसकी बैटरी डाउन होगी आपकी भी बैटरी डाउन हो जाएगी।

हमारे समय में छात्रों को पहाड़ा याद करवाया जाता था। छात्र खूब अभ्यास करते थे और गणित के कठिन से कठिन सवाल को मिनटों में हल कर देते थे। वो खूब अभ्यास करते थे। तकनीक के नाम पर सिर्फ कैलकुलेटर ही था। उन्होंने कहा कि आज बच्चे आसान से सवालों को नहीं हल कर पाते हैं। इसलिए खूब परिश्रम करें और स्मार्ट फोन का इस्तेमाल समझारी से करें।

## अरब सागर में जल रहे जहाज में आग बुझाने के प्रयास जारी

**तिरुवनंतपुरम।** बीते दिनों केरल के तट पर अरब सागर में एक जहाज पर आग लग गई थी। कई दिन बीत जाने के बाद भी आग पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका है। भारतीय तटरक्षक बल, भारतीय नौसेना और अन्य एजेंसियां सिंगापुर का झंडा लगे जहाज एमवी वान हाइ 503 की आग बुझाने के लिए मिलकर काम कर रही हैं। हालांकि अभी भी पूरी तरह से आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। यह जहाज श्रीलंका के कोलंबो से मुंबई जा रहा था, लेकिन रास्ते में एक कंटेनर में विस्फोट के बाद जहाज में आग लग गई।

# ऑपरेशन सिंदूर: तिरपाल से ढक कर तबाही के निशान छिपा रहा पाकिस्तान

**सैटेलाइट तस्वीरों से खुली पड़ोसी की पोल**




**नई दिल्ली।** भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान अपने हवाईअड्डों पर हुए नुकसान को छिपाने में जुटा है। हाल की सैटेलाइट तस्वीरों में देखा जा सकता है कि पाकिस्तान ने तीन प्रमुख वायुसेना ठिकानों मुरीद, जैकबाबाद और भोलारी में क्षतिग्रस्त स्थलों को तिरपालों से ढका है। तिरपाल भी छतों के ही रंग वाले लगाए गए हैं, ताकि वह नजरों से छिपे रहें।

यह तस्वीरें 4 जून को मैक्सार टेक्नोलॉजीज की ओर से ली गई हैं। मुरीद बेस में कमान और नियंत्रण केंद्र को तिरपाल से छिपाया गया है। 10 मई को हमले के बाद यहां तीन मीटर चौड़ा गड्ढा देखा गया था। जैकबाबाद के शहबाज एयरबेस पर 4 जून की तस्वीरों में मलबा गायब दिख रहा है। बीती 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया गया था। इस हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। भारत ने इस हमले का आरोप पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों पर लगाया। हालांकि पाकिस्तान हमेशा की तरह इन आतंकी घटनाओं से अपना पल्ला झाड़ता रहा। हालांकि भारत ने आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया। भारत ने 6-7 मई की मध्य रात्रि पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों पर सटीकता से हमले किए।

## देशभर में मौसम की मार, कहीं झुलसाती गर्मी, कहीं बारिश की आफत

**नई दिल्ली।** देश पिछले कई दिनों से मौसम की मार झेल रहा है। कहीं, झुलसी गर्मी पड़ रही है, तो कहीं बारिश आफत बनी हुई है। जहां एक तरफ, दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी की चपेट में है। वहीं, दूसरी तरफ कर्नाटक और तेलंगाना में बारिश के बाद जलभराव की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग ने कर्नाटक में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है, जिसके चलते स्कूलों में एक दिन की छुट्टी की घोषणा की गई है।

## आंधी बारिश, सैकड़ों पेड़ गिरे, बिजली के खंबे टूटे, पूर्वी क्षेत्र में 4 घंटे जाम, 5 घंटे बत्ती गुल

**इंदौर।** भीषण गर्मी और उमस के दौर के बीच गुरुवार शाम 5 बजे इंदौर में तेज आंधी चली। आंधी से इंदौर के पूर्वी क्षेत्र में खजराना, आनंद बाजार, रिंगरोड वाले क्षेत्र में सैकड़ों पेड़ गिर गए। कई जगह बिजली के खंबे भी टूट गए और वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए। पेड़ और खंभे उखड़ने से पूर्वी क्षेत्र में कई इलाकों में चार घंटे ट्रैफिक जाम रहा और पांच घंटे से ज्यादा समय तक बिजली गुल रही। इंदौर में पिछले एक सप्ताह से भीषण गर्मी पड़ रही है। लोग गर्मी और उमस से परेशान हैं। जून के दूसरे सप्ताह में भी गर्मी का प्रकोप जारी है। हालत यह हो चुकी है कि 9 दिन से दिन के तापमान में रोज औसतन एक डिग्री की बढ़ोतरी हो रही है। रोचक पहलू यह है कि इस बार मई माह का मिजाज जून जैसा रहा और अब जून का मिजाज मई जैसा बना हुआ है। अब रोज तेज धूप पड़ रही है और लोग पसीने से हलाकान हैं। गुरुवार भी सुबह मौसम साफ होने के बाद गर्मी का असर बढ़ता जा रहा था। इसके बाद शाम पांच बजे अचानक आंधी के साथ हल्की वर्षा हुई।

# बंगाल हिंसा में सांप्रदायिक एंगल होने का आरोप

**विधानसभा में हुआ हंगामा, विधायकों का वॉकआउट**



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना में हिंसा के बाद सुरक्षा के कड़े इंतजाम है। बुधवार को यहां पुलिस और असामाजिक तत्वों के बीच झड़प हुई थी। भाजपा नेता और नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने हिंसा में सांप्रदायिक एंगल होने का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया है कि हिंसा के दौरान शिव मंदिर में तोड़फोड़ की गई। शुभेंदु अधिकारी ने डायमंड हार्बर के एसपी और बंगाल के डीजीपी से अपील की है कि वे हिंसा प्रभावित महेशताला जाना चाहते हैं और वहां पीड़ित हिंदू परिवारों से मुलाकात करना चाहते हैं। शुभेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि मैंने डायमंड हार्बर के एसपी और डीजीप से बात की है ताकि मैं और एक अन्य विधायक महेशताला जाकर उन हिंदू पीड़ित परिवारों से मिल सकें, जिन पर जिहादियों ने हमला किया और उनसे मिलकर उनके प्रति एकजुटता दिखा सकें। शुभेंदु अधिकारी का कहना है कि दक्षिण 24 परगना में हुई हिंसा में 30-35 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। पांच पुलिस वाहनों को आग लगा दी गई और तोड़फोड़ की गई। अराजक भीड़ ने पुलिस पर पथराव किया और पुलिस ने सफेद झंडे लहराए। यही मीडिया में चल रहा है। भाजपा नेता ने कहा कि अगर पुलिस कार्रवाई नहीं करेगी तो अदालत पैरामिलिट्री फोर्स को निर्देश देगी।

## कश्मीरी अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह को झटका

**दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका**

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कश्मीरी अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह की आतंकवाद वित्तपोषण मामले में जमानत की याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शालिंदर कौर की पीठ ने शाह की अपील को खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया। जिसमें उन्होंने निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया गया था। इससे पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने 28 मई शब्बीर अहमद शाह की जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था और अब जमानत देने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शलिंदर कौर की पीठ ने शब्बीर अहमद शाह की जमानत याचिका खारिज की है। शब्बीर शाह पर जम्मू-कश्मीर में अलगाववादी गतिविधियों को बढ़ावा देने और आतंकवाद के लिए हवाला के जरिए फंड जुटाने का आरोप है।

## एनआरसी में नाम हुआ तो भी विदेशियों को निर्वासित करेगी असम सरकार

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि राज्य सरकार की मौजूदा नीति विदेशियों को निर्वासित करना है फिर चाहे उनका नाम एनआरसी (नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स) में क्यों न हो। सीएम ने कहा कि जिस तरह से एनआरसी को तैयार किया गया है, उससे कई सवाल और शक पैदा होता है। किसी व्यक्ति की नागरिकता तय करने के लिए एनआरसी ही अकेला दस्तावेज नहीं हो सकता। एनआरसी, असम में रहने वाले भारतीय नागरिकों का एक आधिकारिक रिकॉर्ड है, जिसे सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में अपडेट किया गया।

# बांग्लादेश में टैगोर के पैतृक आवास पर उपद्रव

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में रबीन्द्रनाथ टैगोर के पैतृक आवास पर तोड़फोड़ के मामले में भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, मंगलवार को टैगोर के पैतृक घर पर हमला हुआ और उसको काफी क्षति पहुंचाई गई। उन्होंने कहा, गुरुदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर कोई आम शख्सियत नहीं थे। पात्रा ने कहा, टैगोर ऐसे व्यक्ति थे, जो किसी भी तरह की सीमाओं से बंधे हुए नहीं थे। उन्होंने 2 देशों के राष्ट्रगान लिखे। पात्रा ने गुरुदेव टैगोर की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा, भारत के राष्ट्रगान जन-गण-मन को टैगोर की कलम ने ही संजोया। बांग्लादेश के राष्ट्रगान की रचना भी उन्होंने ही की। टैगोर के दादा द्वारकानाथ टैगोर ने 1840 में ढाका से लगभग 125 किमी दूर सिराजगंज में दो मंजिला घर बनाया था, लेकिन इतने महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय धरोहर को बचा कर नहीं रखा जा सका। उन्होंने कहा कि भाजपा बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की निंदा करती है।

भाजपा प्रवक्ता पात्रा ने कहा, मीडिया के माध्यम से पता चल रहा है कि उनके घर पर जो हमला हुआ है इसके पीछे जमात-ए-इस्लामी और हिफाजत-ए-इस्लाम संगठन के लोग हैं। हमला योजनाबद्ध तरीके से किया गया। उन्होंने पड़ोसी देश की सरकार पर सवाल खड़े किए और कहा, बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की जो अंतरिम सरकार है, उसका व्यवहार उचित नहीं है।

# ऊर्जादाता बनेंगे मध्यप्रदेश के किसान : डॉ. यादव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश के किसान अब ऊर्जादाता बनेंगे। सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना से प्रदेश के किसानों और छोटे निवेशकों को लाभ होगा। योजना का लाभ लेकर किसान बिजली उत्पादक बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि नेट जीरो का लक्ष्य पाने में मध्यप्रदेश के किसान बड़ी भूमिका निभाएंगे। ऊर्जा समिट में एक ही मंच पर निवेशक, किसान, विशेषज्ञ और नीति-निर्माताओं ने उपस्थित होकर समृद्धि के नये द्वार पर दस्तक दी है। प्रदेश में अब तक 80 मेगावाट क्षमता की परियोजनाएं स्थापित की जा चुकी हैं, जिससे 16 हजार से अधिक कृषि पम्पों को सौर उर्जा से उर्जीकृत किया जा चुका है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार कृषकों को आत्मनिर्भर बनाने, उनकी आय में बढ़ोतरी एवं आर्थिक विकास के लिये संकल्पित है। मध्यप्रदेश अब देश की सोलर कैपिटल ऊर्जाधानी बनने के मार्ग पर अग्रसर हैं। प्रदेश के रीवा, नीमच और ओंकारेश्वर सौर ऊर्जा का सशक्त हस्ताक्षर बन रहे हैं। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा प्रदेश के लिए वरदान है। अब हमारी सरकार छोटे निवेशकों और किसान भाइयों को भी बिजली उत्पादन का अवसर मुहैया कराने जा रही है। अब हमारे अन्नदाता, ऊर्जादाता बनने के पथ पर अग्रसर होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना से छोटे निवेशकों के साथ किसानों को भी लाभ मिलेगा। इस योजना से वोकल फॉर लोकल के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर उद्यमियों को निवेश एवं रोजगार के अवसर मिलेंगे। निवेशकों के साथ सरकार 25 साल तक बिजली खरीदने का समझौता करेगी। निवेशकों को नीतिगत प्रोत्साहन के साथ सस्ती ज़मीन और तय बिजली रेट मिलेगा। उन्होंने बताया कि सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना से किसानों को भी अत्यधिक फायदा होगा। योजना से किसानों को दिन में भी सस्ती बिजली उपलब्ध कराई जा सकेगी। अन्नदाताओं का आर्थिक सशक्तिकरण होगा। किसानों को रात में बिजली का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। दिन में 8 घंटे तक लगातार बिजली मिलेगी। किसान बिना रुकावट सिंचाई कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना, प्रधानमंत्री कुसुम-सी योजना का विस्तार है। इस योजना में हर गाँव के पास जो कृषि फीडर (जहाँ से किसानों को बिजली मिलती है) है, उसको सौर ऊर्जा से चलाने की तैयारी हो रही है।

# शराब के नशे में आरोपियों ने लूटपाट एवं अपहरण तथा मारपीट की घटना को दिया था अंजाम

**27 मई की आधी रात घटना को आरोपियों ने दिया था अंजाम, बाईक से भागते वक्त विक्रम सिंह की हुई थी मौत, तीनों आरोपी गिरफ्तार**



**सिंगरौली ।** कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के समीपी एनसीएल ग्राउंड के पास देवरा तिराहा पर 27 मई की आधी रात के बाद दुर्घटनाग्रस्त बाईक एवं विक्रम सिंह का संदिग्ध हालत में शव मिला था। प्रथम दृष्टिया में पुलिस सड़क हादसा मानकर विवेचना कर रही थी। जहां सीसीटीव्ही फुटेज एवं अपहतगण तथा आरोपियों के सीडीआर को अनुसंधान में शामिल करते हुये विवेचना तेज की गई। जिसमें पता चला कि तीन आरोपियों ने विक्रम एवं प्रद्युम मिश्रा उर्फ राजन के साथ लूटपाट करते हुये मारपीट किया था। विक्रम सिंह जान बचाने के चक्कर में सड़क हादसे का शिकार हो गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर ली है।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विक्र म सिंह का शव देवरा तिराहा पर मिला था। जिसमें बाईक भी क्षतिग्रस्त मिली थी। प्रथम दृष्टिया में विक्रम सिंह पेड़ से टकरा गया था। जिसके कारण मौत हो गई थी। इस दौरान विक्रम सिंह के साथी प्रद्युम मिश्रा उर्फ राजन मूल निवासी जिला मऊगंज हाल निवासी नवानगर के साथ आरोपियों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। चेत अवस्था में आने के बाद राजन ने घटना की पूरी कहानी बताया। पुलिस के अनुसार 27 मई को बैढ़न ट्रामा सेंटर के पास मृतक विक्रम सिंह, प्रद्युम मिश्रा उर्फ राजन मिले। साथ ही आरोपी देवेन्द्र सोनी उम्र 24 वर्ष, आशीष सोनी पिता महेन्द्र सोनी उम्र 21 वर्ष निवासी नाउनखुर्द जिला मऊगंज हाल निवासी माजनकला एवं सूरज वर्मा पिता रामसुभग वर्मा उम्र 20 वर्ष निवासी अमलोरी-नवानगर शराब पीने के लिए एकत्रित हुये। सभी ने एनसीएल ग्राउंड में शराब पीये। इस दौरान विक्रम सिंह एवं राजन के साथ किसी बात को लेकर उक्त आरोपियों ने जमकर मारपीट किये और मृतक विक्रम सिंह का आरोपियों ने मोबाईल छीन लिया। साथ ही राजन के साथ धक्का-मुक्की करते हुये बेल्ट से मारपीट करते हुये जबरन मोटरसाइकिल में बैठा कर नवानगर ले गये। उसका मोबाईल भी लूटकर अमलोरी तिराहा में छोड़ दिये। इस दौरान विक्रम सिंह अपनी जान बचाने के नियत से अपने बाईक लेकर भागने लगा। इस दौरान विक्रम सिंह तेज बाईक होने के कारण बबूल के पड़े से टकरा गये और मौत हो गई। पुलिस ने दावा किया है कि सीसीटीव्ही फुटेज एवं पीएम रिपोर्ट के आधार पर मृतक विक्रम सिंह की मृत्यु एक्सीडेंट से आई गंभीर चोट के कारण पाया गया। फिलहाल पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरूद्ध बीएनएस की धारा 296,115(2),351(3),3(5), 140(3), 309 (6) के तहत अपराध दर्ज करते हुये आरोपी दोनों सगे भाई देवेन्द्र सोनी, आशीष सोनी व सूरज वर्मा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उक्त कार्रवाई निरीक्षक अशोक सिंह परिहार, उनि उदयचंद करिहार, उनि अभिषेक पाण्डेय, सउनि अरविंद द्विवेदी, प्रआर जीतेन्द्र सेंगर, अवधलाल सोनी, अंकित सिंह, दीपक शिवहरे, आर अभिमन्यु उपाध्याय, गौतम कुमार, संजू धुर्वे, अखिलेश माझी का सराहनीय योगदान रहा।

# बस मालिकों द्वारा बसूला जा रहा मनमानी किराया, यात्री परेशान



**सिंगरौली।** खबर विकास खंड चितरंगी मुख्यालय के बस स्टैंड की हैं। जहाँ से आने-जाने वाले यात्रियों ने आरोप लगाया है निजी बस मालिकों द्वारा मनमानी तरीके से यात्रियों से किराया वसूला जा रहा है। जहां यात्रियों के लिए अधिकार बना हुआ है, बताते चलें कि चितरंगी से चारो दिशा में आने-जाने वाली बसों का किराया परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित किया है। फिर भी परिवहन विभाग के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए बस मालिक अपनी ही मर्जी चला रहे हैं। यात्रियों की परेशानी को देखते हुए मजदूर संघ के ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ने सार्वजनिक मुद्दा उठाते हुये बताया कि चितरंगी में जो बस चल रही है। सवारियों से अपने अनुसार किराया लिया जा रहा है। जबकि सभी बस मालिको को चाहिए कि जो परिवहन विभाग द्वारा बस का किराया निर्धारित है, उसकी सूची बस में चस्पा करना चाहिए। चितरंगी मुख्यालय से जो बस सीधी के लिए जा रही है, दूरी 75 किलोमीटर का किराया 150 रुपये है। चितरंगी से लमसरई की दूरी 35 किलोमीटर का किराया 100 रुपये, चितरंगी से बगदरा 60 किलोमीटर का किराया 120 रुपये, चितरंगी से कर्थुआ 40 किलोमीटर किराया 100 रुपयेए चितरंगी से बुढ़ाडोल 10 किलोमिटर किराया 30 रुपये, लिया जा रहा है। आज के भाग-दौड़ की जिंदगी में हर किसी व्यक्ति को बिना साधन का चलना मुश्किल है। चितरंगी क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य है। यहां अभी भी लोगों मे जागरूक नही देखी जा रही है, वही जिम्मेदारों की बात करें तो जानबूझकर के भी अंजान बने हुए हैं। सिर्फ चुनाव के समय ही जनता की याद आती है। जिसका मनमानी फायदा उठाया जा रहा है। जिला प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराया जा रहा है कि बस मालिको द्वारा मनमाना तरीके से जो किराया लिया जा रहा है परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित किराया रेट सूची बसों में चस्पा किया जाये और उसी के अनुरूप किराया लिया जाये। ताकि यात्रियों अधिभार से बचने में सुविधा मिल सके।

# गाड़ी खरीदी के नाम पर फ्रॉड करने वाला फरार आरोपी धराया



**सिंगरौली।** गाड़ी बिक्री करने के आड़ में चार लाख रूपये का फ्रॉड करने वाले एक फरार फ्रॉड को पुलिस ने गोभा चौकी पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस के अनुसार फरियादी श्यामसुन्दर बैस पिता ललनराम बैस ग्राम डगा थाना बरगवां द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 17 अक्टूबर 2022 को शिफ्ट डिजायर कार नंबर सीजी 29 ए 5261 को राधेश्याम गुप्ता पिता महेश प्रसाद गुप्ता निवासी मलगा थाना भटगांव जिला सूरजपुर छग. से जरिये स्टाम्प पर चार लाख रूपये में खरीदा था, किन्तु श्यामसुन्दर ने गाड़ी के रजिस्ट्रेशन का ट्रांसफर अपने नाम नहीं करा पाया। कुछ दिन बाद राधेश्याम गुप्ता ग्राम चरगोड़ा जाकर उक्त शिफ्ट डिजायर कार को छलपूर्वक रमेश बैस के घर से मांग कर ले गया था कि कुछ दिन बाद गाड़ी लौटा देगा, किन्तु वह गाड़ी नहीं लौटाया। राधेश्याम गुप्ता द्वारा गाड़ी विक्री के नाम पर 4 लाख रूपए पैसा लेकर ठगी की गयी है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बैढ़न में धारा 420 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। तब से आरोपी फरार था। गोभा चौकी पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

# मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल, शर्तेन्दु तिवारी ने कहा विकसित भारत को बढ़ते देखा है

**सरकार की बताई उपलब्धियां, मूल आधारित राजनीति का बताया ब्यौरा**




**सिंगरौली।** मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर सिंगरौली चुरहट के पूर्व विधायक शर्तेन्दू तिवारी, भाजपा जिला संगठन प्रभारी प्रज्ञा त्रिपाठी, भाजपा विधायक राजेंद्र मेश्राम और भाजपा जिला अध्यक्ष ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। जहां भाजपा की प्रमुख वक्ता शर्तेन्दु तिवारी जहां उन्होंने मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर बीजेपी की उपलब्धियां गिनवाई और कांग्रेस के दौर को भी बताया।

शर्तेन्दु तिवारी ने उपलब्धियां गिनते हुए कहा कि साल दर साल मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित की ओर बढ़ रहा है। 11 साल बेमिसाल इसे मैं खुद कहूंगा, भाजपा एक विचारधारा है। विकसित भारत को जमीन पर उतरते यह हमने भी देखा है। गांधीवादी समाज, लोकतंत्र मूल, मूल्य आधारित राजनीतिक, सर्व, धर्म, समाज और राष्ट्रवाद को साथ में लेकर चलने से विकसित भारत बन रहा है। 2014 के पहले कांग्रेस के जमाने में 2 करोड़ कहते थे, आज 52 करोड़ खाते में हितग्राहियों के खाते में सीधा पैसा पहुंच रहा है। बीच में कहीं भी गड़बड़ी नहीं हो रही। इंफ्रास्ट्रक्चर की दिशा पर देश काफी तेजी से बढ़ रहा है। पहले कांग्रेस के समय में 5 मेडिकल कॉलेज हुआ करते थे, आज 30 मेडिकल कॉलेज से न केवल इंफ्रास्ट्रक्चर बड़ा है, बल्कि गरीब कल्याण कि इस योजना से सभी को स्वास्थ लाभ होगा। आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक के इलाज फ्री में किये जा रहे हैं, शिक्षा के क्षेत्र पर अभूतपूर्व काम तेजी से बढ़ रहा है। वहीं 81 करोड़ गरीब और जरूरतमंदों को मुफ्त अनाज मोदी सरकार दे रही है। जो कि दुनिया का कोई देश नहीं कर पाया है। उन्होंने कहा कि 4 करोड़ पक्के मकान बनाकर दिए हैं। पीएम मोदी ने 12 करोड़ शौचालय और 15 करोड़ घरों को नल से जल दिया है। करीब 11 करोड़ बहनों को रसोई गैस सिलेंडर दिया है। 60 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपये का इलाज आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त में दिया है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सरकार और भारतीय सेवा के शौर्य पर भी अपनी बात रखते हुए कहा कि पाकिस्तान के साथ तीन-चार दिन लड़ाई होने की बात भले कहीं जाए, लेकिन सच्चाई यह है कि सिर्फ 1 घंटे में ही पाकिस्तान घुटनों पर खड़ा हो गया था। पाकिस्तान और चीन सहित कई देशों को बता दिया कि अब भारत सरकार किसी के दबाव में आकर काम करने वाला नहीं है।

# विदेश नीति की विफलता रही है, उसे छुपाने का एक जरिया मात्र है : रानी

**सिंगरौली।** पूरे देश में 11 साल बेमिसाल का डंका बीजेपी हर राज्य में जिला स्तर पर जो टीम भेज कर अपना गुणगान करा रही हैं वह सिर्फ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो उनकी विदेश नीति की विफलता रही है, उसे छुपाने का एक जरिया मात्र है। सिंगरौली महापौर एवं आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयोजक रानी अग्रवाल ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आरोप लगाया कि बीजेपी के पिछले 11 सालों के नाकामियों की गिनती की जाए तो वह कम से कम 11 दिन लग जाएंगे, लेकिन सिर्फ वैश्विक नीति की यदि बात की जाए तो आज भारत ऐसे चौराहे पर खड़ा है कि आज समझ नहीं आ रहा है कि भारत के साथ विश्व का कोई देश साथ है भी कि नहीं। दक्षिण एशिया के अपने समीपवर्ती देश की यदि बात की जाए तो बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल में चीन का पूरी तरह से दखल हो चुका है। चीन इन देशों को धीरे-धीरे आर्थिक उपनिवेश बनाता जा रहा है। रूस तो हमारा गुटनिरपेक्ष सिद्धांत होने के दौरान भी भरोसेमंद देश रहा, लेकिन अमेरिका के साथ जरूरत से ज्यादा भारत की निर्भरता एवं रूस- यूक्रेन युद्ध में ढुलमुल रवैया के वजह से आज रुस भी तटस्थ देश बनकर रह गया है।

वहीं मध्य एशिया के देशों की बात की जाए तो ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सभी देश मूकदर्शक बने रहे । तुर्की जैसा देश जिससे मजबूत आर्थिक संबंध रहे वह तो खुलकर पाकिस्तान के साथ खड़ा रहा, जिस अमेरिका को मोदी नमस्ते ट्रंप कहते थकते नहीं थे, उसी ट्रंप ने पाकिस्तान को महान दोस्त कह कर नवाज रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा द्वारा 11 साल बेमिसाल का प्रोपेगेंडा अपनी नाकामी छुपाने के लिए किया जा रहा है। इसके अलावा और कुछ नहीं गरीबी, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, शिक्षा बदहाल, महंगाई बेलगाम, तमाम ऐसे मुद्दे हैं जिनके बारे में भी बीजेपी को बात कर लेनी चाहिए।

# नवागत प्राचार्य से एबीव्हीपी के कार्यकर्ताओं ने की मुलाकात

**सिंगरौली।** शासकीय महाविद्यालय देवसर में नए प्राचार्य जमुना प्रसाद नामदेव का अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और प्राचार्य से भेंट कर महाविद्यालय में चल रही समस्याओं के बारे में बात की । साथ ही प्राचार्य ने छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया की समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द होगा, तो वही इस अवसर पर एबीव्हीपी के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सौरभ द्विवेदी, नगर मंत्री अभिनय चतुर्वेदी, शुभम पाठक, अनुराग ठाकुर एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बेकाबू ट्रैक्टर पुलिया के नीचे गिरा, वृद्ध ने तोड़ा दम

**सिंगरौली।** नवानगर थाना क्षेत्र के अमलोरी मोड़ पुलिया के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे ट्रैक्टर पर सवार एक वृद्ध की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं फरार चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध कर पुलिस मामले की विवेचना में जुटी है।

पुलिस के मुताबिक गुरुवार की तड़के सुबह ट्रैक्टर कचरा उठाने जा रहा था। इस दौरान ट्रैक्टर चालक सहित नंदगांव निवासी संदीप जैन ट्रैक्टर पर सवार था। सुबह के वक्त चालक तेज गति से ट्रैक्टर चला रहा था। तभी अमलोरी मोड़ के नीचे पुलिया के पास पहुंचते ही ट्रैक्टर बेकाबू हो गया और अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर पर सवार संदीप जैन की घटनास्थल पर मौत हो गई। जबकि चालक को मामूली चोट आई है। जो मौके से फरार हो गया है। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना नवानगर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं लापरवाह चालक व ट्रैक्टर मालिक के खिलाफ पुलिस मामला दर्ज कर ली है।

# धू-धूकर जल गई कपड़े की दुकान

**सिंगरौली।** सरई थाना क्षेत्र के निवास बाजार में स्थित एक कपड़े के दुकान में बीती रात अज्ञात कारणों से आग लगने से लाखों रूपये के कपड़े जलकर खाक हो गये। इस आगजनी की घटना के बाद व्यापारी सदमे में आ गया और बेहोसी हालत में उसे परिजनों के द्वारा उपचार के लिए जबलपुर अल सुबह ले जाया गया। तत्संबंध में निवास पुलिस चौकी प्रभारी प्रियंका सिंह के अनुसार रमेश साहू पिता गया प्रसाद साहू का निवास बाजार में कपड़े के दुकान हैं। जहां बीती रात दुकान में आग लगने से करीब 1 लाख रूपये से अधिक कीमत के कपड़े जल गये हैं। चौकी प्रभारी के अनुसार संभवतः बिजली के शॉर्ट-सर्किट से यह हादसा हुआ है। इधर उक्त घटना के बाद कपड़ा व्यापारी रमेश साहू इस आगजनी घटना को बर्दाश्त नही कर पाया और वह सदमें में आ गया। जहां उसकी हालत नाजुक हो गई।

# मोटरसाइकिल समेत 70 हजार कीमत के देशी-विदेशी शराब जप्त



**सिंगरौली।** बरगवां की ओर से अवैध शराब लेकर मोरवा क्षेत्र में आ रहे एक बाईक सवार दो आरोपियों को मोरवा पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दबोचते हुये आरोपियों के कब्जे से 7 पेटी देशी-विदेशी अवैध शराब एवं बाईक को जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की कुछ व्यक्ति अवैध शराब लेकर बरगवां तरफ जा रहे हैं जिस पर तत्काल थाना प्रभारी मोरवा निरीक्षक यूपी सिंह द्वारा अपने टीम को रवाना कर घेराबंदी की गई। जहां चिनगो निवासी रामनिवास बसोर पिता धन्नेलाल बसोर उम्र 50 वर्ष एवं भौड़ार निवासी कन्हैयालाल बसोर पिता कमोटर बसोर उम्र 40 वर्ष अपनी हीरो स्पेलण्डर प्लस मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 66 एमके 3453 से एक सफेद रंग के झाल में 7 पेटी देशी प्लेन शराब लेकर जा रहे थे, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिनके खिलाफ धारा 34(2)आबकारी एक्ट कायम कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। इनको शराब लाने और ले जाने वाले अन्य शराब तस्करो की तलाश जारी है। जिनकी गिरफ्तारी कर जप्त की जायेगी। उक्त कार्रवाई में उप निरीक्षक एनपी तिवारी, सउनि उमेश अग्निहोत्री, डीएन सिंह, आर दशरथ मांझी, सुरेश परस्ते, आकाश पटेल, कमलेश तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# आरती के संदिग्ध मौत पर माईके पक्ष वालों का गंभीर आरोप

**सिंगरौली।** पुलिस चौकी खुटार अंतर्गत ग्राम बनौली निवासी आरती पाण्डेय पति अखिलेश पाण्डेय उम्र 32 निवासी बनौली ने उपचार के दौरान आज जिला चिकित्सालय में दम तोड़ दी। चर्चा है कि आरती ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर ली थी। जबकि मृतिका के माईके पक्ष वालों का आरोप है कि आरती को जहर देकर मार दिया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम बनौली निवासी आरती पाण्डेय पति अखिलेश पाण्डेय उम्र 32 वर्ष को गंभीर हालत में परिजनों के द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था। जहां आरती की मौत हो गई। इस दौरान मृतिका के माईके पक्ष वालों का आरोप है कि आरती जहर नही खाई है, बल्कि उसके साथ ससुराल पक्ष वालों ने मारपीट कर जहर दिया है। मृतिका के माईके पक्ष वालों ने उक्त घटना की निष्पक्ष जांच कराये जाने की मांग की है।

# सीएमएचओ ने मलेरिया जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया



**सिंगरौली।** मलेरिया निरोधक माह जून में जिले में मलेरिया डेंगू रोग, कारण, उपचार एवं बचाव से संबंधित प्रचार-प्रसार करने के लिए मलेरिया जागरूकता रथ संवेदनशील ग्रामों की ओर रवाना किया गया।

आगामी बरसात के मौसम में मलेरिया के संक्रमण को फैलने से रोकने का संदेश लेकर सीएमएचओ डॉ. एनके जैन ने मलेरिया रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मलेरिया रथ के माध्यम से जिले के मलेरिया प्रभावित ग्रामो में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। साथ ही बुखार के मरीजों की आरडीके किट द्वारा जॉच की जायेगी एवं उपचार किया जावेगा। सीएमएचओ डॉ. एनके जैन ने कहा की मलेरिया रथ के माध्यम से हम ग्राम स्तर पर लोगो में मलेरिया के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि लोग मलेरिया से बच सके, जिससे जिले को 2030 तक मलेरिया मुक्त किया जा सके। जिला मलेरिया अधिकारी नागेन्द्र सिंह ने कहा कि हम प्रयास कर रहे हैं कि बरसात के मौसम में मलेरिया का ट्रान्समिशन न हो, इसके लिए मलेरिया एवं अन्य वाहक जनित रोग के बारे में जानकारी जनमानस में होना बहुत आवश्यक है, क्योंकि अब हम मलेरिया उन्मूलन की ओर बढ़ रहे है। यह मलेरिया रथ आज दिन गुरूवार 12 से 25 जून तक ग्रामों में भ्रमण करेगा। कार्यक्रम में डॉ. पंकज सिंह सीबीएमओ, सुधांशु मिश्रा जिला कार्यक्रम प्रबंधक, संजय सिंह, सुरेश मिश्रा, महेन्द्र कुमार सिंह टेकाम, विकासखण्ड के एएनएम, एमपीडब्ल्यू, लैब टेक्नीशियन सहित अन्य मौजूद रहे।

# रेत का अवैध परिवहन करते टाटा 407 जब्त



**सीधी।** जिले में खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन और परिवहन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा ने जानकारी देकर बताया है कि कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के कुशल निर्देशन तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गोपदबनास के मार्गदर्शन में प्राप्त शिकायत की पुष्टि के लिए ग्राम-पड़री का संयुक्त निरीक्षण प्रभारी अधिकारी (खनिज शाखा) सीधी एवं नायब तहसीलदार गोपदबनास द्वारा गुरुवार दिनांक 12.06.2025 को सुबह 04:30 बजे किया गया। मौका निरीक्षण अनुसार ग्राम-पड़खुरी, तहसील-गोपदबनास में ग्राम पड़री तरफ से रेत लोड कर बिना नंबर का वाहन टाटा 407 दिखाई दिया जिसे जांच के लिए रोका गया। वाहन चालक शिवम यादव पिता शिवबालक यादव निवासी गांधीग्राम तहसील-गोपदबनास जिला सीधी से खनिज रेत परिवहन सम्बन्धी अभिलेख नहीं पाए जाने पर म.प्र. खनिज (अवैध खनन परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत मौके से वाहन चालक के कब्जे से उक्त बिना नंबर टाटा 407 को जब्त किया जाकर सुरक्षार्थ थाना कोतवाली परिसर में खड़ा कराया जाकर अवैध परिवहन का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में शिवशंकर सिंह, तेजबहादुर सिंह, नंदीलाल रावत, अनिल पाठक व शंकर यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# ईएसएस प्रोफाइल में समग्र आईडी की मैपिंग करने के निर्देश

**सीधी।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी मुकेश तिवारी जानकारी देकर बताया है कि आईएफएमआईएस अंतर्गत जिला कोषालय सीधी से संबद्ध समस्त डीडीओ में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों का उनके स्वयं के लागिंन से ईएसएस प्रोफाइल में समग्र आई.डी. की मैपिंग किये जाने के लिए निर्देशित किया गया है। पूर्व में कार्यालय जिला कोषालय अधिकारी जिला सीधी के पत्र दिनांक 01/05/2025 द्वारा अनुरोध किया गया था, किंतु आज दिनांक तक अधीनस्थ समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी के कुल 10509 कर्मचारियों में से 9034 (कुल 85 प्रतिशत) कर्मचारियों के ही समग्र सत्यापन का कार्य पूर्ण हो सका है, जो सम्पूर्ण म.प्र. में सर्वाधिक निचले पायदान पर है। अपेक्षित प्रगति एवं लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होने के कारण आयुक्त, कोष एवं लेखा द्वारा आयोजित साप्ताहिक वीसी में अत्यधिक अप्रसन्नता व्यक्त किया जा रहा है। साथ ही साप्ताहिक टीएल बैठक (समय-सीमा) में कलेक्टर महोदय द्वारा भी समय-सीमा निर्धारित कर निर्णायक कार्यवाही किये जाने के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को लेख किया है कि आगामी दिनांक 20/06/2025 तक शेष कर्मचारियों का समग्र मैपिंग की कार्यवाही सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर ई-केवाईसी पूर्ण करावें, अन्यथा की स्थिति में आईएफएमआईएस में केवल ई-केवाईसी पूर्ण किये गये शासकीय सेवकों का ही माह 06/2025 का वेतन आहरण किया जायें। उन्होंने बताया है कि प्रत्येक आहरण एवं संवितरण अधिकारी को प्रत्येक माह का कार्यालयीन रिकॉन्सिलिएशन स्टेटेमेंट आईएफएमआईएस से तैयार कर तथा डीडीओ से सत्यापन उपरांत कोषालय में प्रत्येक माह उपलब्ध कराया जाना होगा। उक्त के अभाव में माह जून/2025 का वेतन देयक पारितिकरण किया जाना संभव नहीं होगा।

# बांग्ला देश निवासी को बिना बैध वीजा एवं पासपोर्ट के सीधी जिले में पाये जाने पर न्यायालय ने 01 वर्ष की सजा सुनाई

**सीधी।** बताया गया किदिनांक 23.08.2024 को सरकार ढ़ाबे के मालिक द्वारा सूचना दी गई कि अनजान व्यक्ति उसके ढ़ाबे में खाना लेने आया है जो यहां की भाषा से बात नहीं कर रहा है, उक्त सूचना पर उपनिरीक्षक विशाल शर्मा सरकार ढ़ाबा पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ की गई एवं उससे उसके वैध परिचय पत्र प्रस्तुत करने हेतु कहा गया जिसके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया तथा यहां की भाषा भी नहीं बोल पा रहा था जिसे थाना लाकर एक बंगाली डाक्टर को बुलाकर संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ की गई जो अपना नाम रहुल अमीन ढाली पिता समद ढाली, उम्र-38, निवासी बांग्लादेश का होना बताया। अभियुक्त से बंगाली ट्रांसलेटर को साथ लाकर पूछताछ की गई तथा उसका भारत में आने व रूकने के संबंध में वीजा, पासपोर्ट मांगा गया तो उसके पास कोई वैध वीजा, पासपोर्ट, परिचय पत्र प्रस्तुत नहीं किया, जिस पर से अभियुक्त रहुल अमीन ढाली के विरुद्ध थाना जमोड़ी सीधी में अपराध क्रमांक 526/2024 के अंतर्गत धारा 12 पासपोर्ट अधिनियम 1967 एवं धारा 14, 14ए विदेशियों विषयक अधिनियम 1946 का अपराध पंजीबद्ध किया गया। अभियुक्त सीधी जिले के थाना जमोड़ी के अंतर्गत आने वाले ग्राम पड़रा सरकार ढाबे पर विदेश बांग्लादेश के निवासी/नागरिक होते हुए बिना वैध प्रभावशील परमिट एवं वीजा के भारत देश के मध्य प्रदेश राज्य के सीधी जिले में स्थित ग्राम पड़रा में सरकार ढाबे में मौजूद पाया गया था। प्रकरण से संबंधित अनुसंधान कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जिसके न्यायालयीन प्र.क्र. 1019/2024में शासन की ओर से सशक्ते पैरवी करते हुए सहायक जिला लोक अभियोजनअधिकारी सुश्री आसिता मिश्रा के द्वारा अभियुक्त को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया।

परिणामस्वरूप माननीय न्याकयिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सीधी की न्याहयालय के द्वारा अभियुक्तूरहुल अमीन ढाली तनय समद ढाली, उम्र-38 वर्ष, निवासी चरूधनकटी, पोस्ट कनेश्वर बजाय, जिला शरियतपुर, (बांग्लादेश) कोधारा 14(ग) विदेशियों विषयक अधिनियम में 01 वर्ष के साधारण कारावास से तथा 100/- रुपये (एक सौ रुपये) के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया तथा अर्थदण्ड की राशि के व्यतिक्रम पर अभियुक्त को पृथक से 07 दिवस का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगताये जाने का दण्डाकदेश पारित किया गया।

# बोर्ड परीक्षाओं की गोपनीय सामग्री का वितरण अब 15 जून को

**सीधी।** सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र. भोपाल का पत्र दिनांक 04.06.2025 के निर्देशानुसार मंडल द्वितीय परीक्षा वर्ष 2025 की गोपनीय सामग्री (प्रश्न पत्र के शील समन्वयक संस्था शा.उ.मा.वि. क्र-2 सीधी से दिनांक 14.06.2025 को वितरण किया जाना था जिसे सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र. भोपाल का पत्र क्रमांक/3957/परीक्षा समन्वय/2025 भोपाल दिनांक 11.06.2025 द्वारा उक्त गोपनीय सामग्री का वितरण दिनांक 15.06.2025 संशोधित किया गया है। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा गोपनीय सामग्री वितरण में लगे समस्त अधिकारी/कर्मचारी एवं वितरण हेतु अधिग्रहीत वाहन के संस्था प्रमुख संशोधित दिनांक 15.06.2025 को गोपनीय सामग्री वितरण हेतु सन्वयक संस्था शा.उ.मा.वि. क्र-2 सीधी में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है।

## एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 17 जून को

**सीधी।** जिला रोजगार अधिकारी जिला रोजगार कार्यालय ने जानकारी देकर बताया कि जिले के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को एक ही छत के नीचे रोजगार एवं स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, आई.टी.आई एवं जिला रोजगार कार्यालय सीधी द्वारा दिनांक 17 जून 2025 को जिला रोजगार कार्यालय सीधी के परिसर में समय 11 बजे से 03 बजे तक एक दिवसीय ''युवा संगम'' संयुक्त रूप से रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है।

# प्रदूषित हो रहे पर्यावरण की सुरक्षा के लिए बीएमएस ने सौंपा ज्ञापन

**सीधी।** भारतीय मजदूर संघ जिला मंत्री दीपनारायण द्विवेदी ने प्रेस विज्ञप्ति को जानकारी देते हुए बताया कि वैश्वविक स्तर पर पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर सजगता नहीं दिखाने का असर जन और जीवन पर दिखाई देने लगा है। असामान्य रूप से तापमान में बढ़ोतरी ने मानव जीवन को मुश्किल में डाल दिया है। इसका सबसे बड़ा कारण जंगल के क्षेत्रफल में कमी होना है। विकास के नाम पर अंधाधुंध पेड़ों की कटाई ने प्रकृति के मौसम चर पर विपरित प्रभाव डाला है, इससे कई प्रकार की समस्या सामने आने लगी है। यह बात देशव्यापी अभियान के तहत बुधवार को कलेक्टर के नाम संयुक्त कलेक्टर एसपी मिश्रा को सौंपे गए ज्ञापन में भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के पदाधिकारियों



ने कही। संघ सदस्यों ने बताया कि जल संरक्षण को लेकर उदासीनता के कारण भू गर्भीय जलस्तर नीचे जाने लगा है, इससे कई स्थानों पर पानी की समस्या बढ़ने लगी है। संघ ने पर्यावरण प्रदूषण रोकने व सुरक्षा को लेकर जिले में होने वाले सभी प्रकार के प्रदूषणों पर विशेष ध्यान देते हुए इसके रोकथाम हेतु तत्काल उपाय करने की बात कही।

**प्रदूषण के स्तर की हो मॉनीटरिंग**

ज्ञापन में बीएमएस ने हर तरह के प्रदूषण की मॉनीटरिंग करने, साथ ही सभी प्रमुख शहरों के प्रमुख स्थलों पर प्रदूषण का स्तर दर्शाने वाले इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड लगाने की मांग की है। नदी-नालों के पानी को प्रदूषित होने से बचाने, अनावश्यक पेड़ों की कटाई रोकने, वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान देने, सिंगल यूज प्लास्टिक से बने सामानों की बिश्श पर रोक लगाने जाए। जल संरक्षण अभियान चलाते हुए सभी सरकारी एवं निजी आवास एवं कार्यालय में रूफटॉप वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से वर्षा जल को भूजल में रिचार्ज करने का नियम सख्ती से लागू करने की बात कही। शहरों से निकलने वाले कचरे के प्रबंधन, प्रदूषण पर नियंत्रण नहीं करने वाले उद्योगों पर कड़ी कार्रवाई, ध्वनि प्रदूषण पर रोकथाम पर विशेष ध्यान देने की बात कही है।

ज्ञापन का वाचन जिला अध्यक्ष आनंद तिवारी ने किया जिला मंत्री दीपनारायण द्विवेदी पुष्पेंद्र मिश्रा पर्यावरण मंत्र संयोजक जिला उपाध्यक्ष विकास नारायण तिवारी आनंद अकेला सह मंत्री प्रवेंद्र दुबे गोपद बनास महामंत्री धर्मेंद्र सिंह मुकेश तिवारी प्रदीप साहूआदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत विशेष विकास कैम्पों का होगा आयोजन

**सीधी**

जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अन्तर्गत 134 गांव में निवास करने वाले जनजातीय वर्ग के लोगों के लिये विशेष विकास कैम्प लगाये जायेंगे। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सीधी द्वारा बताया गया कि 15 जून से 30 जून तक आयोजित होने वाले कैम्पों के माध्यम से सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं से लाभांवित किया जायेगा। जनजातीय समुदाय के आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री सम्मान निधि, प्रधानमंत्री उज्जवला गैस, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, जाति प्रमाण पत्र आदि सेवाओं से वंचित लोगों को शत-प्रतिशत लाभ दिया जायेगा। उक्त अभियान के सफल संचालन और आम लोगों के बीच जागरूकता के लिए सम्बंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को नोडल अधिकारी नियुक्ति किया गया है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान जिला सीधी के जनपद पंचायत सीधी के 48 ग्राम, कुसमी के 37 ग्राम, मझौली के 24 ग्राम, सिहावल के 14 ग्राम एवं रामपुर नैकिन के 11 ग्राम सम्मिलित किये गये हैं।

# फेल्ड चालान के संबंध में निर्धारित समयावधि में कार्यवाही करने के निर्देश

**सीधी।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी मुकेश तिवारी जानकारी देकर बताया है कि समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी के माध्यम से असफल ई पेमेंट जिनकी राशि 10 हजार रूपये से कम है एवं फेल डेट दिनांक से आगामी 1 वर्ष की समयावधि पूर्ण होने पर संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा पुर्नभुगतान नहीं किये जाने की स्थिति में एमपीटीसी-आई स.नि. 334 के अनुसार आहरण एवं संवितरण अधिकारी स्तर में अंतप्रविष्टि के माध्यम से शासन के खातें में लोक लेखा निक्षेप लेखा शीर्ष 8658-00-102-0119 में अंतरित किया जावे। इसी प्रकार राशि 10 हजार रूपये से अधिक के फेल्ड ई भुगतान को फेल्ड डेट से आगामी 03 वर्ष की कालावधि पूर्ण होने पर उल्लेखित लोक लेखा निक्षेप लेखा शीर्ष 8658-00-102-0119 में डीडीओ स्तर से संपन्न विवरण सहित पंजी संधारित कर अंतरित किया जाना है।

उक्त कार्यवाही 31/03/2024 तक के फेल्ड चालानों के लिए अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाना है तथा की गई कार्यवाही प्रमाण-पत्र प्रेषित करते हुये कोषालय की ओर अवगत कराना होगा। जिन आहरण एवं संवितरण अधिकारी के पृथक से राजस्व प्राप्ति लेखा शीर्ष उपलब्ध नहीं है उनके द्वारा लेखा शीर्ष 0070-60-800-0099 में अंतरित किया जाना होगा। पुर्नभुगतान किये जाने की स्थिति में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुये एमपीटीसी-44 से पुर्नभुगतान हेतु ऑनलाइन देयक प्रस्तुत करेगे।

उन्होंने समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को लेख किया है कि उक्त कार्यवाही अपने स्तर पर आगामी 15 दिवस दिनांक 25-06-2025 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। अन्यथा उल्लेखित समयावधि के उपरांत जिला कोषालय स्तर से समस्त अनुपयोगी चालान को शासन के खाते में अंतप्रविष्टि कर दिया जायेगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदेही संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी की होगी।

# बाल मजदूरी कराने वाले को 20 हजार रूपये से लेकर 50 हजार रूपये तक का जुर्माना

**शहडोल।** विश्व बालश्रम निषेध दिवस के अवसर पर कलेक्टर डॉ.केदार सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्रम निरीक्षक श्रीमती चरणा गुप्ता ने बताया कि बाल मजदूरी करवाना कानूनी अपराध है, 14 साल से कम उम्र का बच्चा मजदूर के रूप में काम नहीं कर सकता, बाल मजदूरी करवाने वाले व्यक्ति को 2 साल तक जेल की सजा हो सकती है, बाल मजदूरी कराने वाले को 20 हजार रूपये से लेकर 50 हजार रूपये तक का जुर्माना हो सकता है, इस कानून के तहत 14 से 18 वर्ष तक के बच्चे जिन्हे किशोर कहा जाता है. खतरनाक व्यवसाय एवं उद्योगों में काम नहीं कर सकते है, 14 साल से कम उम्र का बच्चा अपने परिवार में मदद कर सकता है, बशर्ते वह व्यवसाय खतरनाक नहीं हो। यह काम भी बच्चा स्कूल से आने के बाद या छुट्टियों में ही कर सकता है,14 से 18 वर्ष के किशोर, खान, ज्वलन पदार्थ एवं खतरनाक प्रक्रियाओं में काम नहीं कर सकता है, खतरनाक व्यवसाय, जैसे ऑटोमोबाइल वर्कशॉप / गैराज, सर्कस, हाथियों की देखभाल, साबुन बनाना, अगरबत्ती बनाना, कचरा उगना और कबाड़ चुनना, चूना भट्ठा तथा घरेलू श्रम सहित अन्य 86 व्यवसाय एवं प्रक्रियाओं में काम नहीं कर सकता है, इस कानून के तहत बाल श्रम से संबंधित शिकायत कोई भी नागरिक पुलिस 100, चाइल्डलाइन 1098, पेंसिल पोर्टल पर कर सकता है।

# वर्ष 2025-26 हेतु आकांक्षा योजना अंतर्गत ऑनलाईन आवेदन 24 जून तक आमंत्रित

**शहडोल।** आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मध्यप्रदेश ने आकांक्षा योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 हेतु जेईई, एनईईटी एवं सीएलएटी की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कक्षा 10वी में अध्यनरत अनुसूचित जनजाति वर्ग के इच्छुक विद्यार्थियों से आवेदन लिये जाने हेतु निर्देश जारी है। आकांक्षा योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में जेईई प्रतियोगी परीक्षा के लिए कुल स्वीकृत सीट 400 के मान से विद्यार्थियों का चयन कर कोचिंग भोपाल, जिला मुख्यालय में, एनईईटी प्रतियोगी परीक्षा के लिए कुल स्वीकृत सीट 200 के मान से विद्यार्थियों का चयन कर कोचिंग इंदौर, जिला मुख्यालय में एवं सीएलएटी प्रतियोगी परीक्षा के लिए कुल स्वीकृत सीट 200 के मान से विद्यार्थियों का चयन कर कोचिंग जबलपुर, जिला मुख्यालय में प्रदान की जाएगी।चयनित विद्यार्थियों को संभाग मुख्यालय पर आवासीय सुविधा, पुस्तकें एवं स्टेशनरी, टेबलेट एवं अध्ययन के लिए इंटरनेट, डाटाप्लान की सुविधा निःशुल्क प्रदान की जायेगी। इस योजना में वर्ष 2025-26 में कक्षा 11वीं में प्रवेश लेने वाले अर्थात वर्तमान में कक्षा 10वी उत्तीर्ण जनजाति वर्ग के विद्यार्थी आवेदन हेतु पात्र होंगे। चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 11-12वीं में विद्यालय में प्रवेश के साथ जेईई, एनईईटी एवं सीएलएटी की प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु दो वर्ष की निःशुल्क कोचिंग प्रदाय की जायेगी। उक्त योजना का लाभ लेने हेतु अभ्यार्थी मध्यप्रदेश का मूल निवासी एवं जनजाति वर्ग का सदस्य होना अनिवार्य है।

# नवजात शिशु एवं गर्भवती माताओं की मृत्यु दर कम करने हेतु प्रभावी रणनीति बनाकर अमल करें: आयुक्त

**शहडोल।** आयुक्त शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने नवजात शिशु एवं गर्भवती माताओं की मृत्यु दर कम करने हेतु प्रभावी रणनीति बनाकर अमल करने के निर्देश संभाग के तीनों जिलों के कलेक्टरों, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को दिए। आपने निर्देश दिए कि गर्भवती माताओं का पंजीयन अनिवार्य रूप से होना सुनिश्चित किया जाए। इन माताओं की नियमित चार बार जांच हो। दो जांचे चिकित्सों के माध्यम से कराई जाएं। संस्थागत प्रसव को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। प्रत्येक मौत की रिपोर्ट आनी चाहिए साथ ही मौत के कारणों का विश्लेषण भी किया जाना चाहिए। हाई रिस्क माताओं को प्रसव के पूर्व उपयुक्त अस्पतालों में रेफर किया जाए। गर्भवर्ती माताओं में आयरन की कमी को दूर करने के लिए आयरन की गोलियां शुरू से ही सेवन करने को प्रोत्साहित किया जाए। संभाग के सभी कलेक्टर नियमित रूप से बैठक लेकर समीक्षा करें तथा कारणों का विश्लेषण कर कमियों को दूर कराएं।

बैठक में कलेक्टर शहडोल डॉ. केदार सिंह, कलेक्टर उमरिया श्री धरणेंद्र जैन, कलेक्टर अनूपपुर श्री हर्षल पंचोली, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमरिया श्री अभय सिंह, अनूपपुर श्री तन्मय वशिष्ट, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने नवजात शिशुओं एवं गर्भवती माताओं के मृत्यु के कारणों की जानकारी दी।

# पेंशन प्रकरण निर्धारित समयावधि में प्रेषित करने के निर्देश

**सीधी।** जिला पेंशन अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि म.प्र. सिविल सेवा (पेंशन) नियम-1978 के नियम 49 से लेकर 60 में दिये गये प्रावधानों अनुसार सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों की तैयारी सेवा निवृत्त के दो वर्ष से पूर्व की जाकर छः माह पूर्व कार्यालय प्रमुख द्वारा पेंशन प्रकरण तैयार कर जिला पेंशन कार्यालय को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। लंबित पेंशन प्रकरणों के संबंध में प्रत्येक माह पेंशन शिविर का भी आयोजन किया गया था, किन्तु संबंधित कार्यालयों द्वारा पेंशन प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में नहीं किया जा रहा है। उन्होंने समस्त कार्यालय प्रमुखों को लेख किया है कि आपके कार्यालय में दिनांक 30.06.2025 तक सेवा निवृत्त होने वाले अधिकारियों /कर्मचारियों का बिना कारण पेंशन प्रकरण लंबित होने के कारण समय-सीमा में निराकरण न होने की स्थिति में कार्यालय कमिश्नर महोदय रीवा संभाग, रीवा द्वारा संभाग स्तर पेंशन प्रकरणों की समीक्षा के दौरान लंबित पेंशन प्रकरण निराकरण न होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई है। उन्होंने बताया कि कार्यालय कमिश्नर रीवा संभाग रीवा म.प्र. के पत्र दिनांक 27.11.2024 तथा दिनांक 03.06.2025 की समीक्षा बैठक के दिये गये निर्देश के अनुसार सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण जिला पेंशन कार्यालय में प्रस्तुत न होने के कारण आहरण संवितरण अधिकारी/ कार्यालय प्रमुखों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त हुये हैं। उन्होने समस्त कार्यालय प्रमुखों को लेख किया है कि दिनांक 30.06.2025 तक सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों/ कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण निराकरण हेतु पेंशन कार्यालय में आगामी कमिश्नर महोदय रीवा संभाग, रीवा की समीक्षा बैठक के पूर्व प्रस्तुत करें। यदि आपके द्वारा पेंशन कार्यालय में पेंशन प्रकरण निराकरण हेतु प्रस्तुत नहीं किये जाते हैं, तो आगामी कमिश्नर की समीक्षा बैठक दिनांक 17.06.2025 में प्रतिवेदन तैयार कर अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया जायेगा।


## कार्यालय नगर परिषद् नईगढ़ी, जिला मऊगंज(म0प्र0)

cmonahigari@mpurban.gov.in

क्र.973 /तृ.निविदा आमं./न.प./2025 दिनॉक 11/06/2025

### तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना

म.प्र. शासन लोक लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत अथवा केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से फार्म "ए" में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से तालिका में वर्णित कार्य की आनलाईन निविदाएं नगरीय प्रशासन एवं विकास की प्रभावशील दरों के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेण्डर सिस्टम नम्बर | कार्य का नाम एवं विवरण | प्राक्कलन राशि | अमानत राशि | कोरे निविदा फार्म की कीमत | निविदा का क्रम | कार्य सम्पादन की अवधि | न.प्र.वि.की प्रभावशील दर(SOR) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | 2025-UAD-430322-1 | पार्ट-2 09 दुकानों के ऊपर 09 दुकान निर्माण कार्य। | 19,76,481/- | 14,823/- | 5,000/- | तृतीय | 03 माह | 02.8.2021 |

उक्त कार्यो के निविदा प्रपत्र दिनॉक 12/06/2025 को 10:30AM से क्रय कर दिनॉक 27/06/2025 को सायं 5:30PM तक बिड प्रस्तुत कर सकेंगे। प्राप्त बिडें दिनॉक 30/06/2025 को खोली जावेगी। वेबसाईड पर आनलाईन भुगतान कर निविदा प्रपत्र क्रय किये जा सकेंगे। विस्तृत निविदा सूचना तथा अन्य जानकारी वेबसाईडhttp://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

शर्ते:-

1- Rcc कार्य का भुगतान शासकीय इंजीनियरिंग कालेज से क्रासिंग स्ट्रेंथ रिपोर्ट प्राप्त होनें के बाद ही किया जावेगा। रिपोर्ट में यह लेख होना आवश्यक होगा कि कांक्रीट ढलाई के 28 दिवस उपरांत मेरे द्वारा(इंजीनियरिंग कालेज द्वारा) स्वयं स्थल के निर्माण से कांक्रीट का नमूना प्राप्त किया गया है। उक्त आशय का शासकीय इंजीनियरिंग कालेज/अथोराईज परीक्षण संस्थान से प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना आवश्यक होगा।

2 लोहा(छड) बधाई कार्य का साफ-साफ फोटो,कांक्रीट ढलाई के पूर्व प्राप्त कर देयक के साथ संलग्न करना होगा।

3 संपूर्ण परीक्षणों का व्यय कार्य में सम्मिलित रहेगा। परीक्षणों के लिए किसी भी प्रकार का देयक अलग से संविदाकार को देय नही होगा।

4 कार्य हेतु स्ट्रक्चरल डिजाईन संविदाकार को स्वयं शासकीय इंजीनियरिंग कालेज/अथोराईज संस्थान से कराना होगा, जिसका अतिरिक्त देयक संविदाकार को देय नही होगा। कार्य की गुणवत्ता की सम्पूर्ण जिम्मेदारी संविदाकार की होगी।

5 निर्माण के दौरान एम.ओ.एस.टी. स्पेशीफिकेशन, आई.आर.सी. स्पेशीफिकेशन एवं यू.ए.डी.डी. स्पेशीफिकेशन का पालन सुनिश्चित किया जावे। निर्माण कार्य के दौरान निर्माण कार्यो में प्रयुक्त निर्माण सामग्री/कांक्रीट आदि का प्रयोगशाला परीक्षण निर्धारित आवृत्ति अनुसार कराया जावे।

6 निकाय निधि में राशि होनें पर ही संविदाकार को किये गये कार्य का भुगतान किया जावेगा। जिसमें अन्तिम निर्णय मुख्य नगर पालिका अधिकारी का मान्य होगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद नईगढ़ी
जिला मऊगंज (म.प्र.)

## संपादकीय

# कुशलता बढ़ाइए

आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू अपने राज्य में जन्मदर बढ़ाना चाहते हैं और इसके लिए उन्होंने फाइनैंशल इन्सेंटिव्स देने की योजना बनाई है। चंद्रबाबू के इस फैसले के पीछे सामाजिक से ज्यादा राजनीतिक कारण हैं। हालांकि आबादी के मामले में चीजें इस तरह से काम नहीं करती हैं। नायडू का कहना है कि परिवार जितना बड़ा होगा, उसे उतना ही ज्यादा आर्थिक अनुदान मिलेगा। इससे पहले वह महिलाओं के लिए कितनी भी बार मैटर्निटी लीव और वर्कप्लेस पर बच्चों के लिए सेंटर जैसे नियम बना चुके हैं। विडंबना है कि इसी आंध्र प्रदेश में ऐसे लोगों को निकाय चुनावों में खड़े होने से रोकने के लिए नियमों में बदलाव किया गया था, जिनके दो से ज्यादा बच्चे हैं। आंध्र की पॉलिसी में यह बदलाव आया कैसे? इसका जवाब बहुत कुछ संख्या बल की राजनीति में है। आंध्र समेत दक्षिण के सभी राज्यों में यह चिंता है कि कम आबादी की वजह से उनकी राजनीतिक हैसियत में कमी आई है। परिसीमन पर दक्षिण का विरोध इसी वजह से है कि उत्तर के राज्यों की तुलना में उनके यहां लोकसभा की सीटें कम बढ़ सकती हैं और इससे देश की सियासत में वह कमजोर पड़ जाएगा। चंद्रबाबू इसी के चलते दक्षिणी राज्यों से अपनी जनसंख्या नीति पर पुनर्विचार करने की अपील कर रहे हैं। हालांकि जनसंख्या इस तरह स्टॉप-स्टार्ट मोड में काम नहीं करती और इसका सबसे बड़ा उदाहरण चीन है। पेइचिंग ने करीब चार दशकों तक वन चाइल्ड पॉलिसी का सख्ती से पालन किया। जब इसका असर उसकी वर्कफोर्स पर पड़ा, तो 2015 में उसने दो बच्चों और फिर तीन बच्चों तक की छूट दे दी, लेकिन इससे उसकी जन्मदर पर खास फर्क नहीं पड़ा। वजह है कि शिक्षा का स्तर बढ़ने के साथ ही लोगों का ध्यान क्वॉलिटी लाइफस्टाइल की तरफ गया है। दक्षिण का डर कि उसकी आबादी गिर रही है, तस्वीर को अधूरा देखना है। असल में पूरे देश में जन्म दर में गिरावट आई है। सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम की 2021 की रिपोर्ट बताती है कि देश में फर्टिलिटी रेट 2.0 है यानी हर कपल औसतन दो बच्चे पैदा कर रहा है। सबसे कम, 1.4 टीएफआर दिल्ली और पश्चिम बंगाल का था। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और केरल में फर्टिलिटी रेट 1.5, जबकि तेलंगाना और कर्नाटक में 1.6 दर्ज की गई थी।

**समाज में पारिवारिक संरचना को हमेशा से आदर्श और स्थायित्व का प्रतीक माना गया है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में ऐसे आपराधिक घटनाक्रमों की संख्या में वृद्धि हुई है, जहाँ विवाह जैसी पवित्र संस्था छल, द्वेष और हिंसा का माध्यम बन गई है। राजा रघुवंशी और सोनम रघुवंशी जैसे मामले इस बात का प्रमाण हैं कि अब केवल स्त्रियाँ ही नहीं, बल्कि पुरुष भी घरेलू हिंसा और मानसिक उत्पीड़न के शिकार हो रहे हैं। हालाँकि सोनम का जुर्म अभी साबित नहीं हुआ है, और असलियत सामने आने में वक्त लग सकता है। मगर इसकी संभावना से इनकार भी नहीं किया जा सकता। हाल-फिलहाल में पत्नी द्वारा पतियों की हत्या या तलाक के नाम पर उत्पीडन के कई मामले समूचे देश की सुर्खियों में शामिल रहे हैं।**

# स्त्री-पुरुष संबंधों में बिगड़ते संतुलन की त्रासदी: एक नैतिक और मानवीय विमर्श

(दीपा लाभ)

जो कानून महिलाओं की सुरक्षा और अस्मिता की रक्षा के लिए बनाया गया था, उसी कानून का फ़ायदा उठा कर महिलाएँ अब पैसे ऐंठना, संपत्ति लूटना और पति व ससुराल वालों को मानसिक उत्पीड़न देने से नहीं कतराती हैं।

समाज में पारिवारिक संरचना को हमेशा से आदर्श और स्थायित्व का प्रतीक माना गया है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में ऐसे आपराधिक घटनाक्रमों की संख्या में वृद्धि हुई है, जहाँ विवाह जैसी पवित्र संस्था छल, द्वेष और हिंसा का माध्यम बन गई है। राजा रघुवंशी और सोनम रघुवंशी जैसे मामले इस बात का प्रमाण हैं कि अब केवल स्त्रियाँ ही नहीं, बल्कि पुरुष भी घरेलू हिंसा और मानसिक उत्पीड़न के शिकार हो रहे हैं। हालाँकि सोनम का जुर्म अभी साबित नहीं हुआ है, और असलियत सामने आने में वक्त लग सकता है। मगर इसकी संभावना से इनकार भी नहीं किया जा सकता। हाल-फिलहाल में पत्नी द्वारा पतियों की हत्या या तलाक के नाम पर उत्पीडन के कई मामले समूचे देश की सुर्ख़ियों में शामिल रहे हैं। इन मामलों में कानून, प्रशासन और सरकारें अपनी भूमिका निभाती रहेंगी, मगर इस देश के प्रबुद्ध नागरिक होने के नाते हमारी मानवीय और नैतिक ज़िम्मेदारियों पर विमर्श की आवश्यकता है।

मेघालय से लापता सोनम का एक पखवारे बाद ग़ाज़ीपुर में मिलना उसे संदेह के घेरे में डाल चुका है। राजा रघुवंशी की हत्या की साज़िश में यदि उसकी संलिप्तता साबित हो जाती है तब विवाह जैसे पवित्र बंधन से युवाओं का भरोसा उठना स्वाभाविक है। सात फेरों के इस पावन रिश्ते के साथ ऐसा खिलवाड़ अमानवीय है।

चाहे सौरभ सिंह हो या राजा रघुवंशी, इन मामलों से यह बात साफ़ है कि बात केवल अपराध कि वीभत्सता तक सीमित नहीं है। 36 वर्षीय आईटी प्रोफेशनल अतुल सुभाष की आत्महत्या जिसके पीछे तलाक की प्रक्रिया और पत्नी द्वारा मानसिक प्रताड़ना कारण बताया गया, सोचने को मजबूर करती है कि आज की पीढ़ी की, विशेषकर स्त्रियों की मनोदशा या मानसिकता ऐसी क्यों होती जा रही है।

वैवाहिक संबंधों में अविश्वसनीयता आज समाज के सामने एक बहुत बड़ी समस्या बन कर सामने खड़ा है। आधुनिक जीवनशैली में संवादहीनता से विश्वास और सम्मान का अभाव अब स्पष्टरूप से दिखने लगा है। 1 जनवरी से 31 मई 2025 के बीच पांच महीने में 1169 मामले फैमिली कोर्ट में पहुंचे हैं, जो 2024 की तुलना में 216 मामले अधिक हैं। इनमें तलाक के 700 व घरेलू हिंसा व भरण पोषण के 469 मामले हैं, जबकि 2024 में तलाक के 506 व भरण पोषण, घरेलू हिंसा के 447 फैमिली कोर्ट में आए थे। इन आँकड़ों से स्पष्ट है कि भारत जैसा देश जहाँ विवाह को जन्म-जन्मान्तर का सम्बन्ध माना जाता था, आजकल फैमिली क्राइसिस से गुज़र रहा है और वैवाहिक संस्था की आस्था पर सवाल उठ रहे हैं।



जो कानून महिलाओं की सुरक्षा और अस्मिता की रक्षा के लिए बनाया गया था, उसी कानून का फ़ायदा उठा कर महिलाएँ अब पैसे ऐंठना, संपत्ति लूटना और पति व ससुराल वालों को मानसिक उत्पीड़न देने से नहीं कतराती हैं। ऐसा नहीं है कि महिलाओं को इस कानून की आवश्यकता नहीं थी, किन्तु दहेज कानून (498) और घरेलू हिंसा अधिनियम के दुरूपयोग के कई मामले अब जनता की नज़रों में आ चुके हैं। अवसाद, ईगो क्लैश, अपेक्षाओं का टकराव और आर्थिक अस्थिरता भी संबंधों में विष घोलते हैं। ऐसे में एक कदम आगे बढ़कर हत्या जैसी वारदातों को अंजाम देना एक नई समस्या की ओर इशारा कर रहा है ङ्क मेंटल हेल्थ।

मानव जीवन अमूल्य है। विवाह यदि प्रेम, सहयोग और साझेदारी का आधार न बन सके तो उसे सुलझाने के कानूनी और सामाजिक उपाय होने चाहिए, न कि हिंसा या छल से इसका अंत। किसी भी पक्ष द्वारा मानसिक या शारीरिक शोषण केवल कानून का नहीं, नैतिकता का भी उल्लंघन है। हर मानव को सुनने और समझे जाने की आवश्यकता होती है। एक स्वस्थ दांपत्य के लिए केवल अधिकार नहीं, कर्तव्य और संवेदना की ज़रूरत है। इस कार्य के लिए कानून, समाज और प्रशासन की साझेदारी की भूमिका होनी चाहिए।

समस्या गम्भीर है, किन्तु उपायों पर विस्तार से चर्चा होनी चाहिए। जैसे पूर्व-विवाह परामर्श को प्रोत्साहन दिया जाए। मीडिया और फिल्मों में संतुलित और संवेदनशील चित्रण हो ताकि विवाह और संबंधों की समझ सही रूप में विकसित हो। स्कूल स्तर पर नैतिक शिक्षा, सह-अस्तित्व और भावनात्मक बुद्धिमत्ता को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। सामाजिक संस्थाओं को चाहिए कि वे विवाह के समय केवल उत्सव न करें, बल्कि जिम्मेदारियों की समझ भी विकसित करें। डिजिटल रिकॉर्डिंग और साक्ष्य को कानूनी रूप से अधिक मान्यता दी जाए जिससे झूठे आरोपों का पर्दाफाश हो सके। विशेषकर, राजा रघुवंशी केस में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। इस केस ने जिस प्रकार जनमानस और न्याय प्रणाली का ध्यान आकर्षित किया, उसमें मीडिया एक प्रमुख कड़ी के रूप में सामने आया। प्रारंभ में जब केस की जानकारी सीमित थी और पुलिस प्रशासन पर निष्पक्ष जांच को लेकर संदेह था, तब मीडिया ने लगातार रिपोर्टिंग कर इस मामले को सामने लाने का कार्य किया। इससे जनता में जागरूकता फैली और उच्चस्तरीय जांच की माँग उठी। मीडिया कवरेज ने जनभावनाओं को स्वर दिया और प्रशासन व न्यायिक संस्थाओं पर कार्रवाई के लिए नैतिक दबाव बनाया। यही दबाव था जिससे केस की जांच विशेष एजेंसियों तक पहुँच सकी। हालाँकि, कुछ मीडिया चैनलों द्वारा बिना ठोस प्रमाणों के आरोपियों को दोषी या निर्दोष ठहराने की प्रवृत्ति देखी गई, जिससे 'ट्रायल बाय मीडिया' जैसी स्थिति उत्पन्न हुई। इससे न्यायिक प्रक्रिया पर असर पड़ सकता है और यह निष्पक्ष न्याय के सिद्धांत के विरुद्ध जाता है। मीडिया ने केस से संबंधित अदालती कार्यवाहियों, साक्ष्यों और घटनाक्रमों को जनता तक पहुँचाने का कार्य किया, जिससे पारदर्शिता बनी रही। राजा रघुवंशी केस में मीडिया ने एक सजग प्रहरी की भूमिका निभाई, लेकिन कुछ जगहों पर इसकी निष्पक्षता और संयम पर प्रश्नचिन्ह भी लगे। इसलिए ऐसी संवेदनशील घटनाओं में मीडिया को जिम्मेदार और संतुलित भूमिका निभानी चाहिए ताकि न्याय और लोकतंत्र दोनों को बल मिले।

आज की दुनिया में स्त्री और पुरुष दोनों ही समान रूप से संवेदनशील, भावनात्मक और पीड़ित हो सकते हैं। जिस समाज में किसी भी एक वर्ग की पीड़ा को उपेक्षित किया जाता है, वहाँ न्याय और संतुलन की बात अधूरी रह जाती है। यह आवश्यक है कि हम विवाह को एक संवेदनशील साझेदारी समझें, न कि संघर्ष का मैदान। केवल तभी हम एक ऐसे समाज की ओर बढ़ सकेंगे जो वास्तव में न्याय, करुणा और सह-अस्तित्व पर आधारित हो। (लेखक स्वतंत्र पत्रकार, जर्मनी हैं-(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# गलतियों से सबक लेकर आगे बढ़ रही है भाजपा, पार्टी के शीर्ष नेताओं की साफगोई कमाल की रही

(नीरज कुमार दुबे)

डिजिटल मीडिया वर्ग के साथ संवाद कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय और पार्टी के सारे राष्ट्रीय प्रवक्ता उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को 11 वर्ष पूरे हो चुके हैं और इस समय भाजपा की ओर से मोदी सरकार की उपलब्धियों का जोरशोर से प्रचार देशभर में किया जा रहा है। इस क्रम में प्रेस कांफ्रेंसों के अलावा समाज के विभिन्न वर्गों के बीच भाजपा के नेता पहुँच कर मोदी सरकार की जन-कल्याणकारी नीतियों की चर्चा कर रहे हैं। ऐसा ही एक कार्यक्रम भाजपा की ओर से दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया गया जिसमें डिजिटल मीडिया के प्रतिनिधियों को देशभर से बुलाया गया और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उनके साथ खुलकर संवाद किया। यह वाकई ऐसा कार्यक्रम था जिसमें पार्टी के शीर्ष नेता बेझिझक सारे सवालों के जवाब दे रहे थे। देखा जाये तो आज के इस युग में डिजिटल और सोशल मीडिय ही सबसे बड़ी ताकत बन चुका है इसलिए इस मंच के महारथियों के साथ भाजपा के शीर्ष नेताओं का सीधा जुड़ाव एक अभिनव पहल भी थी।

कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय और पार्टी के सारे राष्ट्रीय प्रवक्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान एक पावरप्वॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिये अश्विनी वैष्णव ने उन बड़ी पहलों का जिक्र किया जिससे देश में व्यापक रूप से बदलाव आया और विकसित भारत का आधार तैयार हुआ। अश्विनी वैष्णव ने विपक्ष की ओर से अक्सर उठने वाले सवालों के जवाब भी अपनी प्रेजेंटेशन के जरिये दिये जिससे कई चीजें स्पष्ट हुई और भ्रम का वातावरण छँटा।



भाजपा के शीर्ष नेताओं ने डिजिटल मीडिया प्रतिनिधियों से सीधे संवाद में स्वीकार किया कि पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी अति-आत्मविश्वास का शिकार हो गयी थी। भाजपा के शीर्ष नेताओं ने यह बात मानी कि हमने इस बात पर ठीक से ध्यान नहीं दिया कि 'अबकी बार 400 पार' के नारे का विपरीत असर हो रहा है। भाजपा के शीर्ष नेताओं ने यह भी माना कि आरक्षण के विरोध में जो बात निचले स्तर तक कांग्रेस और उसके एनजीओस ने पहुँचा दी थी उसे भांपने में हमसे देरी हुई और जब तक हमने कदम उठाये तब तक काफी देर हो चुकी थी। पार्टी नेताओं ने यह भी माना कि कई जगह उम्मीदवारों के चयन में खामियां थीं। पार्टी नेताओं ने कहा कि दरअसल लगातार जीत मिलने पर इस तरह का अति-आत्मविश्वास ऊपर से लेकर नीचे तक आ जाता है जिसका दुष्परिणाम देखने को मिला। पार्टी के नेताओं ने माना कि अक्सर भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं की गलतबयानी से पार्टी के लिए शर्मिंदगी हो जाती है, खासकर चुनावों के समय दिये गये विवादित बयानों से ज्यादा असहज स्थिति उत्पन्न हो जाती है। पार्टी नेताओं ने कहा कि अब वह उम्मीदवार चयन के लिए पैमानों को और कड़ा बना रहे हैं।

पार्टी नेताओं ने यह भी कहा कि मोदी सरकार की उपलब्धियां बेशुमार हैं और विपक्ष अब तक हमारी एक भी उपलब्धि को नकार नहीं पाया है। पार्टी नेताओं ने कहा कि विपक्ष सिर्फ विदेशी मामले जाकर देशी राजनीति में हंगामा करना चाहता है लेकिन जनता इसको स्वीकार नहीं करती। पार्टी नेताओं ने कहा कि भाजपा और आरएसएस के बीच किसी तरह का मतभेद नहीं है और लोकसभा चुनावों के दौरान दिये गये एक विवादित बयान का मुद्दा सुलझ चुका है। भाजपा के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव को लेकर पूछेगये सवाल पर भी शीर्ष नेताओं ने कहा कि संघ और पार्टी के बीच कोई मतभेद नहीं है। केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल की संभावनाओं से इंकार करते हुए पार्टी नेताओं ने कहा कि हाल-फिलहाल इसकी संभावना नहीं है। राहुल गांधी की ओर से संवैधानिक संस्थानों पर लगाये जाने वाले आरोपों पर पार्टी नेताओं ने कहा कि जनता उनके आरोपों पर नहीं बल्कि हमारे संस्थानों पर विश्वास करती है। पार्टी नेताओं ने कहा कि जनता के बीच होने वाले तमाम सर्वेक्षण इस बात को दर्शाते हैं कि राहुल गांधी के मुकाबले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता आज भी शीर्ष पर बनी हुई है।

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी के शीर्ष नेताओं ने यह स्पष्ट किया कि नीतीश कुमार ही एनडीए का मुख्यमंत्री चेहरा होंगे। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार का वोट उनके साथ दृढ़ता से खड़ा हुआ है। पार्टी नेताओं ने कहा कि लेकिन बिहार में टक्कर बराबर की लग रही है। हमें यह देखना है कि हम आगे कैसे निकलेंगे। भाजपा के शीर्ष नेताओं ने सवालों के जवाब में इस बात का विश्वास जताया कि बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनेगी क्योंकि मोदी-नीतीश की जोड़ी का कोई तोड़ नहीं है। पार्टी के शीर्ष नेताओं ने यह भी स्वीकारा कि बंगाल में उनके पास प्रभावी नेतृत्व नहीं है और पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा से वहां कई गलतियां हुई। पार्टी नेताओं ने कहा कि हम हमारी भूलों से सबक लेकर आगामी विधानसभा चुनाव जीतने की तैयारी में लगे हुए हैं। इसके अलावा भी तमाम राजनीतिक सवालों के जवाब भाजपा के शीर्ष नेताओं ने जिस अंदाज में दिये उसे देखकर वाकई यह लग रहा था कि भाजपा आलाकमान ने गलतियों से सबक ले लिया है। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## वर्ग पहेली 5760

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | | | ■ | 8 | | |
| 9 | | ■ | 10 | 11 | ■ | 12 | |
| 13 | | 14 | ■ | 15 | 16 | | ■ |
| | ■ | 17 | | | | ■ | ■ |
| ■ | 18 | | ■ | 19 | | | 20 |
| 21 | | | ■ | 22 | | ■ | |
| | ■ | 23 | | ■ | ■ | 24 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. पाकिस्तान, सऊदी अरब और 53 अन्य इस्लामी देशों ने 16 जुलाई 2003 को य निर्णय लिया गया कि इस देश को 2005 तक मान्यता दी जाएगी (5)
5. यह विश्व में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा देश है (2)
7. बलराम के नामों में से एक, बलभद्र (4)
8. श्रीमान, महोदय, महाशय (3)
9. तीन बूटियों वाला ताश का पत्ता (3)
10. मंगल ग्रह इस रंग का बताया गया है, इंनद्रधनुष के रंगों में से एक (2)
12. प्रयोगशाला को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
13. असुर, राक्षस, दनु नाम की पत्नी से उत्पन्न कश्यप ऋषि के पुत्र (3)
15. आक्रमण, धावा (3)
17. कामना, मनावांछा, तमन्ना, आरज़ू (4)
18. क्रांतिवृत्त में पड़नेवाले तारों का समूह, निश्चित संख्या (2)
19. आहार पदार्थ, भोज्य सामग्री (4)
21. पुश, आखेट (3)
22. प्रभु, परमेश्वर (पंजाबी)(2)
23. संबंध से, हेतु, वास्ते (2)
24. उन्नति का समय अभ्युदय काल (2)

**ऊपर से नीचे**

1. आरंभिक, प्राथमिक, शुरूआती (5)
2. वारिस्थ, बोट, सफीना (4)
3. यह उत्तरभारत में बहने वाली एक नदी है इसका पौराणिक नाम परूष्णी है (2)
4. इस पार का, निकटतटवर्ती (3)
5. यह एक बांग्लादेशी गायिका है (4)
6. मूल कारण, वजह , हेतु (3)
11. जो सीधा न जाकर बलखाते हुए गया हो (5)
14. वन्यतापूर्ण, जंगली, पशुतापूर्ण (5)
16. स्वार्थ, प्रयोजन, अर्थ, मकसद (4)
18. संगीत में स्वरों के विशेष क्रम, शास्त्रीय संगीत की रचना (3)
20. अध्यापक, शिक्षक, गुरू (3)
21. चंद्रमा के रथ 10 घोडों में से एक का नाम, आखेटित पशु, हिरण (2)

### वर्ग पहेली 5759 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री | ह | रि | को | टा | ■ | ना | री |
| मा | ल | वा | ■ | ल | घु | म | ति |
| न | वा | ज | ना | ■ | न | ■ | ग |
| ■ | ई | ■ | ज | न | ■ | बु | त |
| ■ | ■ | त | ■ | क | ना | डा | ■ |
| ■ | म | ह | ता | ब | ■ | पे | रू |
| ग | नी | म | त | ■ | पि | स्ट | ल |
| ■ | ला | त | ■ | भा | दृ | ■ | र |

# शहरी विकास ने मानसून को खलनायक बना दिया

(शालिनी उमाचंद्रन)

पिछला पखवाड़ा मेरे लिए बारिश से हुए नुकसान की बुरी खबरों से भरा रहा। मानसून की शुरुआत बाढ़ और भूस्खलन की डरावनी सुर्खियों के साथ हुई। मैं तमिलनाडु में ऊटी-मेट्टुपलायम मार्ग पर मोटरसाइकिल से सफर कर रही थी। चारों ओर समुद्र सरीखा मंजर था। बारिश का पानी घरों, सड़कों, यहां तक कि एक्वा लाइन मेट्रो स्टेशन पर भी भर गया था।

भारत में गर्मी चाहे जैसी भी पड़े, बारिश का मौसम आते ही बदलाव आ जाता है। बारिश में हम चाय-पकौड़े के साथ इसका लुत्फ उठाते हैं, हमारी त्वचा पर ठंडी हवा के स्पर्श हमें रोमांचित करते हैं और बादलों से भरा आसमान हमें आनंदित करता है।

बचपन में हमें मौसम की पहली बारिश में भींगने को कहा जाता था, ताकि हम अपने चेहरे और हथेलियों पर बूंदों को महसूस कर सकें। महीनों से तप रही धरती पर जब बारिश की पहली बूंद पड़ती, तो उसे उठी सोंधी खुश्बू के साथ हम बरसात के मौसम का आनंद उठाते रहे हैं। बादलों को लेकर हमारे यहां न जानें कितनी कविताएं रची गई होंगी। कालिदास ने मेघदूतम् में घुमड़ते बादलों को लेकर विरह के सौ से अधिक श्लोक लिखे हैं। मेघों को लेकर हिन्दुस्तानी में मेघ और मल्हार से लेकर कर्नाटक में अमृतवर्षिणी तक कई शास्त्रीय राग हैं। बारिश के दृश्य पुरानी फिल्मों का जरूरी हिस्सा हुआ करते थे। तब मूसलाधार बारिश में हमारी सारी झिझक भी बह जाया करती थी। देश भर में मानसून के आगमन के साथ ही त्योहारों के मौसम भी आ जाते हैं। देश की हर भाषा में क्षेत्र विशेष की विशिष्ट बारिश के प्रकारों का वर्णन करने के लिए कई-कई शब्द हैं।

लेकिन रुकिए। भारत की अर्थव्यवस्था और हमारे जीवन में मानसून की इतनी महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद इसकी शुरुआती राहत अब जल्दी ही चिंता में बदल जाती है, जब बारिश के साथ जीवन की वास्तविकता सामने आती है। प्रकृति से बिल्कुल कटे और बेढब बुनियादी ढांचे वाले शहरों में हम अब आसमान को घबराहट के साथ देखने लगे हैं। अच्छे-खासे बसाए गए शहरों की वायरिंग को शॉर्ट-सर्किट करने के लिए बस कुछ घंटों की बारिश ही काफी है। शहरों के बीच प्राकृतिक रूप से मौजूद ताल-तलैयों को कंक्रीट के जंगल से भर दिया गया है। सड़कों के चौड़ीकरण के लिए पहाड़ों को काट दिया गया है और पानी के कुदरती प्रवाह और पानी को सोखने वाले स्रोतों को नष्ट कर दिया गया है। बारिश के पानी को पहले धरती सोख लेती थी। लेकिन यह अब सड़कों पर भरता है और उनको तालाब बना देता है। सड़कों पर भरा पानी यातायात को भी रोकता है।

देश के शहरों में बड़ी संख्या में लोग जर्जर और छोटे मकानों में रहते हैं। बारिश का पानी उनके सामान पर टपकता है, जो उनके मन की शांति के साथ-साथ कीमती सामान को भी नष्ट कर देता है। पहाड़ों की पारिस्थितिकी पर ध्यान दिए बिना हमने उनको छुट्टियां मनाने की जगह और रिसॉर्ट्स के तौर पर उपयोग करना शुरू कर दिया है। लेकिन इस मौसम के दौरान पहाड़ों में भूस्खलन और बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन ने भी मानसून की चाल को बिगाड़ा है। पहले जो बारिश हफ्तों में हुआ करती थी, वह जलवायु परिवर्तन के कारण अब कुछ ही घंटों में हो जा रही है। 2009 के बाद इस साल मानसून समय से बहुत पहले आया है। यह 24 मई को केरल में प्रवेश कर गया। हाल के वर्षों में सामान्य वर्षा होने के बावजूद इसका वितरण विभिन्न क्षेत्रों में अनिश्चित रहा है। कई बार अत्यधिक बारिश, तो कई बार सूखे ने जान-माल और आजीविका के साधनों को अपूरणीय क्षति पहुंचाई है।

## आज का राशिफल

### मेष

आज दिन शुभ है और आपका भाग्य साथ दे रहा है और आपकी वह आशंका निराधार सिद्ध होगी, जिससे आप तनाव में थे। यदि आप किसी कर्ज की वसूली या पैसों से संबंधित मीटिंग पर जा रहे हैं, तो यह यात्रा फलदायी हो सकती है। व्यापार में कोई पुराना लेन-देन सुलझ सकता है। निवेश के मामलों में कोई बड़ा फैसला न लें।

### वृष

आज लाभ के योग हैं। आपको कार्यक्षेत्र में नया दायित्व आ सकता है। बॉस आपसे अतिरिक्त काम की उम्मीद रखेंगे, और यह आपके प्रमोशन या बोनस का रास्ता बना सकता है। व्यापार में नई डील की शुरुआत हो सकती है, लेकिन पूंजी निवेश सोच-समझकर करें। पारिवारिक खर्चों में वृद्धि संभव है, परन्तु कुछ पुराने अटके पैसे वापस भी आ सकते हैं।

### मिथुन

आज भाग्य साथ दे रहा है और आपको नौकरी में कोई जिम्मेदारी भरा कार्य सौंपा जा सकता है, जिससे आपकी क्षमता का परीक्षण होगा। सहकर्मी से सहयोग मिलेगा लेकिन बॉस की उम्मीदें अधिक रहेंगी। आर्थिक रूप से दिन सामान्य है, परंतु आकस्मिक खर्च उभर सकते हैं।

### कर्क

आज दिन सावधानी से काम करने का है। भावनाओं में बहकर आप कार्यस्थल पर कोई गलत निर्णय ले सकते हैं। निवेश करते समय सोच-समझकर चलें, खासकर यदि कोई पुरानी योजना फिर से सामने आ रही हो। आय में स्थिरता रहेगी।

### सिंह

आज दिन हर काम को बहुत ध्यान और सावधानी से करने का है। कार्यक्षेत्र में आपकी हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। यदि आप बिजनस में हैं तो कोई प्रतिद्वंद्वी आपकी रणनीतियों की नकल कर सकता है। अपने आइडिया और फाइनेंशियल प्लानिंग को गोपनीय रखें। नई परियोजनाएं आने की संभावना है।

### कन्या

आजदिन तरक्की से भरा होगा। यदि आप किसी प्रस्तावित साझेदारी या प्रेम प्रस्ताव के बारे में सोच रहे हैं, तो आर्थिक और पेशेवर स्तर पर उसका मूल्यांकन करें। कार्यस्थल पर बदलाव के संकेत हैं और आपको नई जिम्मेदारियां या नया विभाग मिल सकता है। अपने कौशल को अपडेट करना जरूरी होगा।

### तुला

आज दिन कार्यक्षेत्र में सफलता से भरा होगा। करियर में निर्णय लेने में आप थोड़े असमंजस में रह सकते हैं। खासतौर पर यदि आप किसी अनुबंध या प्रस्ताव से जुड़े हैं तो उसके सभी पहलुओं को स्पष्ट करें। ऑफिस में किसी साथी से विवाद आपकी छवि को प्रभावित कर सकता है। आर्थिक रूप से दिन ठीक रहेगा।

### वृश्चिक

आज दिन सफलता से भरा होगा। यदि आप नौकरी बदलना चाहते हैं या नया बिजनस प्लान कर रहे हैं, तो दिन शुभ है। विशेषकर यदि किसी जानकार या नेटवर्क के माध्यम से अवसर मिल रहा हो। धन की प्राप्ति के योग हैं, लेकिन साथ ही निवेश में सावधानी भी जरूरी है। व्यापार में कोई रुका हुआ ऑर्डर आगे बढ़ सकता है।

### धनु

आज भाग्य साथ दे रहा है। समय पर निर्णय लेना आपको आर्थिक रूप से आगे बढ़ा सकता है। यदि आप बहुत सोच-विचार में लगे रहेंगे, तो कोई और अवसर आपके हाथ लग सकता है। ऑफिस में पदोन्नति या अतिरिक्त प्रॉजेक्ट मिल सकता है। व्यापार में जल्दीबाजी नुकसानदेह हो सकती है, लेकिन यदि आप सौदे में जल्दी निर्णय लेंगे तो लाभ होगा।

### मकर

आज काफी मेहनत करनी पड़ सकती है। आप काफी समय से जिस टारगेट के पीछे दौड़ रहे थे, अब समय है उस पुराने करियर गोल या आर्थिक संकल्प की ओर बढ़ने का है जिसे आपने लंबे समय से टाल रखा था। कोई पुरानी योजना, निवेश या ऋण चुकाने का समय आ गया है। धन को लेकर किया गया प्रयास भविष्य में फल देगा।

### कुंभ

आज योजनाएं सफल होंगी। लंबे समय से प्रतीक्षित तरक्की या नौकरी में बदलाव का संकेत मिल सकता है। पदोन्नति या नई भूमिका से आपके वेतन और जिम्मेदारियों दोनों में बढ़ोत्तरी होगी। आर्थिक रूप से दिन सकारात्मक है। खासकर यदि आपने हाल में किसी योजना में निवेश किया हो। शेयर या क्रिप्टो में निवेश से लाभ के योग हैं लेकिन जोखिम के साथ। किसी पुराने क्लाइंट से दोबारा संपर्क हो सकता है।

### मीन

आज करियर के मामले में दिन सामान्य रहेगा। आप अपनी योजनाओं के अनुसार काम करते रहेंगे। आप किसी सभा, इवेंट या मीटिंग में हिस्सा ले सकते हैं जो आपकी पर्सनल ब्रांडिंग के लिए फायदेमंद रहेगा। कोई नया कॉन्ट्रैक्ट या क्लाइंट आपकी तरफ आकर्षित हो सकता है। करियर में आगे बढ़ने के लिए नेटवर्किंग आवश्यक है।

## संक्षिप्त समाचार

### जीशान अख्तरबाबा सिद्दीकी हत्याकांड में कनाडा से गिरफ्तार, जल्द लाया जाएगा भारत

**मुंबई, एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता और महाराष्ट्र के पूर्न मंत्री बाबा सिद्दीकी की



हत्या के मुख्य साजिशकर्ता माने जा रहे जीशान अख्तर को कनाडा में गिरफ्तार कर लिया गया। यह जानकारी महाराष्ट्र के गृह राज्यमंत्री योगेश कदम ने बुधवार को दी थी। 22 साल के जीशान अख्तर को फर्जी पासपोर्ट के मामले में पकड़ा गया है। योगेश कदम ने बताया, जीशान को कनाडा में गिरफ्तार किया गया है। हमने उसे भारत वापस लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। भारत लाकर उससे आगे की पूछताछ की जाएगी। मुंबई पुलिस के अनुसार, कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अन्मोल बिश्नोई ने जीशान अख्तर और शुभम लोंकार को बाबा सिद्दीकी की हत्या की सुपारी दी थी। बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर 2024 को मुंबई के बांद्रा इलाके में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अब तक इस मामले में 25 से अधिक लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। जीशान अख्तर पर पंजाब और महाराष्ट्र में कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। 7 अप्रैल को पंजाब में पूर्व बीजेपी मंत्री मनो कालिया के घर पर हुए ग्रेनेड हमले की साजिश में मुख्य आरोपी बताया गया है। 16 मार्च को यूट्यूबर रोजर संधू के घर पर हुए ग्रेनेड हमले में भी उसका नाम सामने आया था। फरवरी 2025 में वायरल हुए एक वीडियो में जीशान ने दावा किया था कि पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी की मदद से उसने एशिया के बाहर एक देश में आश्रय प्राप्त कर लिया है। पुलिस ने वीडियो की पुष्टि की थी, लेकिन अन्य विवरणों की जांच जारी थी। भारत सरकार ने प्रत्यर्पण प्रक्रिया शुरू कर दी है। यदि सब कुछ योजनानुसार चलता है तो जीशान अख्तर को जल्द ही भारत लाया जाएगा, जिससे गैंगस्टर नेटवर्क और अंतरराष्ट्रीय अपराधों की गुत्थियाँ और खुल सकती हैं।

### कबीरदास जयंती पर सैनी सरकार का तोहफा, दूसरी बार सफाई कर्मियों का वेतन बढ़ाया

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार ने कबीरदास जयंती के मौके पर सफाई कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। प्रदेश में सफाई कर्मियों का वेतन 2100 रुपये बढ़ा दिया गया है। यह घोषणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिरसा में संत कबीर दास जयंती कार्यक्रम में की। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि संकल्प पत्र में जो हमने कहा है, उसे पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मियों के वेतन में बढ़ोतरी होगी। सैनी ने कहा कि अनुसूचित जाति समाज के सहयोग से प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बन पाई है। सीएम सैनी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सिरसा में संत कबीर दास जयंती मना रहे हैं। यह सिरसा की धरा संतों की भूमि रही है। अनेक संतों ने संत कबीर की तरह अलख जगाने का काम किया है। सीएम ने कहा कि इसी क्रम में सिरसा जिले के लिए स्वास्थ्य और सामाजिक सुधार से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसलों का ऐलान किया गया। सीएम ने कहा कि सिरसा में बन रहे सरसाई नाथ मेडिकल कॉलेज में 100 बेड का नशा मुक्ति केन्द्र बनेगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने डबवाली स्थित नशामुक्ति केंद्र में 10 बेड को बढ़ाकर 30 बेड करने का भी ऐलान किया। उन्होंने ऐलनाबाद सरकारी अस्पताल के पास एक नया नशा मुक्ति केंद्र बनाने की भी घोषणा की। इससे पहले पिछले साल नवम्बर में भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सफाईकर्मियों का वेतन बढ़ाया था। तब उन्होंने इसे बढ़ाकर 26 हजार रुपये मासिक कर दिया था। अब उसमें 2100 रुपए और बढ़ा दिया गया है। इसके साथ ही तब काम के दौरान सफाईकर्मी की किसी भी परिस्थिति में मृत्यु होने पर परिवार को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की थी। सीएम ने कहा कि प्रदेश में 50 प्रतिशत सफाई के ठेके सफाई मित्रों और उनके समूहों को ही दिए जाएंगे, उससे बाहर नही जाएंगे। सफाईकर्मियों के हितों की रक्षा के लिए हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग का गठन भी किया है।

### वंदे भारत से कश्मीर का सफर सुपरहिट , रिकॉर्डतोड़ बुकिंग; टिकटों की लंबी वेटिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री मोदी द्वारा हरी झंडी दिखाए जाने के बाद वंदे भारत एक्सप्रेस का कश्मीर तक सफर लोगों के बीच रोमांच और उत्साह का केंद्र बन गया है। दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुल चिनाब ब्रिज से गुजरती यह ट्रेन यात्रियों के लिए सपने जैसा अनुभव बन चुकी है। नतीजा यह कि अगले 10 दिनों तक की सीटें पूरी तरह फुल हैं और टिकटों पर लंबी वेटिंग चल रही है। करीब 43,000 करोड़ रुपये की लागत से बना यह रेल प्रोजेक्ट एक इंजीनियरिंग का चमत्कार है, जिसमें दुनिया का सबसे ऊंचा रेल पुल - चिनाब ब्रिज - और कई लंबे सुरंगों से होकर सफर किया जाता है। हालांकि श्रीनगर से दिल्ली के बीच सीधी ट्रेन नहीं है, यात्रियों को कटरा में ट्रेन बदलनी पड़ती है, लेकिन इसके बावजूद यह रेल संपर्क कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि कटरा-श्रीनगर के बीच चलने वाली दो ट्रेनें भीड़ के हिसाब से कम पड़ रही हैं और हर दिन प्रतीक्षा सूची लंबी होती जा रही है।

# नए भाजपा अध्यक्ष का बढ़ा इंतजार, रेस में हैं कई नाम, देरी में उप्र और मप्र का फैक्टर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा के नए अध्यक्ष के चुनाव में लगातार देरी हो रही है। अब खबर है कि जेपी नड्डा के विकल्प पर अगस्त तक ही फैसला हो सकेगा। जून का महीना लगभग आधा बीत चुका है और यूपी, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्यों के अध्यक्षों का ही चुनाव नहीं हुआ है। ऐसे में इन राज्यों के अध्यक्ष तय होने के बाद ही भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर फैसला लेगी। माना जा रहा है कि जुलाई तक का वक्त प्रदेश अध्यक्षों के चुनाव में ही जाएगा और उसके बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष पर फैसला हो सकेगा। भाजपा के संविधान के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए कम से कम देश के आधे राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों का चुनाव होना जरूरी है।

इसके अलावा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से भी मशविरा होना बाकी है। पार्टी नेतृत्व चाहता है कि संघ की सहमति से ही अध्यक्ष चुना जाए। ऐसा इसलिए क्योंकि अध्यक्ष पद पर आरएसएस चाहेगा कि उसके बैकग्राउंड का नेता ही आए। भाजपा और संघ की लीडरशिप अकसर प्रदेश अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक के पदों पर किसी बाहरी को महत्व नहीं देना चाहते। पार्टी लीडरशिप को लगता है कि संगठन की कमान वैचारिक रूप से मजबूत लोगों के हाथों में ही होनी चाहिए। यही वजह है कि जिन लोगों के नाम राष्ट्रीय अध्यक्ष की रेस में बताए जा रहे हैं, उनमें से ज्यादातर लोग कभी संघ



में रहे हैं या फिर खांटी भाजपाई हैं।

फिलहाल इतना तय माना जा रहा है कि बिहार विधानसभा का चुनाव भाजपा नए अध्यक्ष के नेतृत्व में लड़ेगी। बिहार में विधानसभा चुनाव अक्टूबर या नवंबर में होने हैं। भाजपा अध्यक्ष के चुनाव में कभी इतनी देरी नहीं हुई है, लेकिन पहले लोकसभा चुनाव और फिर महाराष्ट्र एवं हरियाणा जैसे राज्यों के विधानसभा चुनाव के चलते चीजें टलती गईं। अब प्रदेश अध्यक्षों का इलेक्शन हो रहा है और फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष पर मंथन होगा। हालांकि जब 2014-15 में अमित शाह को कमान मिली थी तो बहुत वक्त नहीं मिला था। फिर जेपी नड्डा को जब 2020 में अध्यक्ष बनाया गया तो भी ज्यादा लंबी प्रक्रिया नहीं चली थी। दरअसल यूपी, एमपी और महाराष्ट्र जैसे राज्यों का ही अध्यक्ष चुनना भाजपा के लिए बहुत आसान नहीं है। ओबीसी वोटों के ध्रुवीकरण की कोशिश के बीच भाजपा भी चाहेगी कि यूपी में किसी पिछड़े नेता को मौका मिले। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजपूत हैं तो वहीं संगठन की कमान किसी ओबीसी वर्ग के नेता को दी जा सकती है। वहीं मध्य प्रदेश में सीएम बैकवर्ड कास्ट से हैं तो संगठन की कमान किसी सवर्ण नेता को मिल सकती है। बता दें कि आरएसएस का खुला मत है कि भाजपा को संगठन और मजबूत करना चाहिए क्योंकि 2024 के चुनाव नतीजे उसके लिए एक अलार्म की तरह थे। गौरतलब है कि जेपी नड्डा का कार्यकाल 2023 में ही समाप्त हो गया था, लेकिन वह तब से अब तक विस्तार पर चल रहे हैं। फिलहाल रेस में जो नाम बताए जा रहे हैं, उनमें शिवराज सिंह चौहान, भूपेंद्र यादव, सुनील बंसल और मनोहर लाल खट्टर जैसे नेता शामिल हैं। इसके अलावा साउथ से जी. किशन रेड्डी भी चर्चा में हैं। संभावना है कि जुलाई के मध्य में संसद के मॉनसून सत्र के पूर्व पार्टी नई राष्ट्रीय परिषद की बैठक भी कर सकती है, जहां नया अध्यक्ष कार्यभार संभालता है। मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के केंद्र सरकार में मंत्री बनने और काफी समय पहले उनका कार्यकाल पूरा होने के बाद बीते साल सदस्यता अभियान के साथ नए संगठन चुनाव की शुरुआत की थी। बीते साल अक्तूबर महीने में नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए चुनाव अधिकारियों की घोषणा भी कर दी गई थी, लेकिन न तो आधे से ज्यादा राज्यों के चुनाव पूरे हो पाए हैं और न ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो सकी।

**कामकाज प्रभावित हो रहा :** सूत्रों के अनुसार, पार्टी में मौजूदा स्थिति में संगठन का कामकाज प्रभावित हो रहा है। साथ ही काडर में भी गलत संदेश जा रहा है। पार्टी के कार्यकर्ता एवं तमाम नेता नेतृत्व पर दबाव बना रहे हैं कि संगठन के ढांचे को पूरा कर लिया जाए, ताकि ऊहापोह की स्थिति समाप्त हो जाए। सरकार ने संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से बुलाने का फैसला किया है। संभावित उम्मीदवारों के रूप में कई नाम चर्चा में हैं, जिनमें केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और मनोहर लाल खट्टर के साथ-साथ शिवराज सिंह चौहान शामिल हैं। हालांकि, भगवा पार्टी ने कई मौके पर नामों के चुनाव को लेकर चौंकाया है। कई राज्यों में अप्रत्याशित तौर पर मुख्यमंत्रियों का चयन किया गया है।

## सरकारी दफ्तर में एक दिन में कितने समोसे परोसे जाते हैं? आरटीआई का ऐसा दुरुपयोग देख हाईकोर्ट भड़का

**मुंबई , एजेंसी।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने हाल ही में एक मामले की सुनवाई के दौरान आरटीआई कानून के गलत इस्तेमाल



को लेकर चिंता जाताई है। हाईकोर्ट ने कहा है कि सूचना के अधिकार जैसे कानूनों का मकसद लोगों की भलाई होती है, लेकिन लोग इसकी बर्बादी करने में जुटे हैं। बुधवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सूचना आयोग (एसआईसी) ने बॉम्बे हाईकोर्ट को बताया कि उन्हें ऐसे ऐसे RTI आवेदन मिलते हैं, जिनका कोई मतलब नहीं होता। हाईकोर्ट ने मामले को गंभीरता से लिया है। एसआईसी ने बताया कि उन्हें हाल ही में एक आरटीआई आवेदन मिला है जिसमें पूछा गया है कि एक सरकारी दफ्तर में एक दिन में कितने समोसे परोसे जाते हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि यह मसला गंभीर है। चीफ जस्टिस आलोक अराधे और जस्टिस संदीप मार्ने की बेंच ने कहा, कानून भलाई के उद्देश्य से बनाए जाते हैं, लेकिन लोग इसके जरिए दामादों की ढूंढ रहे हैं, सरकारी नौकरी वालों को ढूंढ रहे हैं।

बता दें कि कोर्ट में पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त शैलेश गांधी और पांच आरटीआई कार्यकर्ताओं द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई चल रही थी। इसमें राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त को आवेदनकर्ता द्वारा दूसरी अपील और शिकायत दर्ज कराने के 45 दिनों के भीतर निपटान के लिए रोडमैप देने का निर्देश देने की मांग की गई थी। हालांकि एसआईसीने कोर्ट को बताया कि निपटारे में देरी का कारण सूचना आयुक्तों के खाली पद हैं।

याचिकाकर्ताओं ने लगभग 1 लाख लंबित शिकायतों का हवाला देते हुए राज्य सूचना आयुक्तों के तीन अतिरिक्त पदों को भरने की मांग की थी। हाईकोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता सरकार में सिर्फ कमी ढूंढ रहे हैं। उन्होंने कहा, वे हमेशा नकारात्मक रवैये के साथ आते हैं और कभी संतुष्ट नहीं होते। कोर्ट ने आगे कहा कि आरटीआई अधिनियम में दूसरी अपीलों के लिए कोई समय सीमा नहीं है। उन्होंने फैसला सुनाते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि एसआईसी इन शिकायतों का जल्द से जल्द निपटारा करेगी।

## शादी के 15 दिन बाद ही पत्नी ने पति को मार डाला

**सांगली, एजेंसी।** इंदौर के व्यवसायी राजा रघुवंशी की हत्या की गूंज अभी थमी भी नहीं थी कि महाराष्ट्र के सांगली जिले से एक और दिल दहला देने वाली घटना हुई है। यहां एक 27 साल की महिला ने कथित तौर पर अपने 53 साल के पति अनिल लोखंडे की हत्या कर दी। यह वारदात शादी के महज 15 दिन बाद ही हुई है। कुपवाड़ एमआईडीसी पुलिस स्टेशन के सहायक निरीक्षक दीपक भंडवलकर ने कहा, मंगलवार रात को दंपति में झगड़ा हुआ था। बुधवार को रात करीब 12.30 बजे जब अनिल सो रहा था, राधिका ने उसके सिर पर कुल्हाड़ी से वार किया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसने अपनी चचेरी बहन को इसके बारे में बताया। हमने महिला को गिरफ्तार कर लिया और उसे अदालत में पेश किया। अदालत ने हमें दो दिन की रिमांड दी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे सांगली जिले के कुपवाड़ तहसील स्थित उसके घर से उसे हिरासत में लिया गया। पुलिस अधिकारी ने कहा, मामला काफी संवेदनशील है और हम सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि अनिल लोखंडे ने 15 दिन पहले ही राधिका से दूसरी शादी की थी। लोखंडे की पहली पत्नी की कैंसर से मौत हो गई थी। वह इस शादी को पूर्ण करने के लिए अपनी नई पत्नी के साथ बार-बार शारीरिक संबंध बनाने की जिद कर रहा था।

# यूपी की दो सगी बहनें धर्मांतरण गैंग से जुड़ीं, फिल्म द केरल स्टोरी की तरह उनका हुआ ब्रेनवॉश

**आगरा, एजेंसी।** फिल्म द केरल स्टोरी की तरह आगरा की सगी बहनों का पहले ब्रेनवॉश किया गया, फिर उनका धर्मांतरण कराया गया। चौंकाने वाली बात यह है कि अब दोनों बहनें धर्म विशेष के पक्ष में चल रही मुहिम से जुड़ गई हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आए तथ्यों ने पुलिस अधिकारियों को चौंका दिया है। दोनों बहनें बीते 79 दिनों से लापता हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि वे किसी बड़े धर्मांतरण गिरोह का हिस्सा बन गई हैं, जिसका नेटवर्क पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर और दिल्ली-एनसीआर तक फैला हुआ है। मामला सदर क्षेत्र का है। 24 मार्च को सगी बहनें आगरा छोड़कर गई थीं।

उनके पिता ने उसी दिन सदर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस को बताया कि बड़ी बेटी एमफिल है। डीईआई से पढ़ी है। वर्ष 2021 में भी बड़ी बेटी घर से चली गई थी। बेटी की दोस्ती उधमपुर (जम्मू एंड कश्मीर) निवासी साईमा उर्फ खुशबू से थी। उसने ही बेटी का ब्रेन वॉश किया था। उस समय बड़ी बेटी उनके कहने पर बमुश्किल घर लौट आई थी। दोबारा घर आकर छोटी बेटी का दिमाग पलट दिया। अब उसको भी साथ लेकर गई है। इस सनसनीखेज मामले को सदर पुलिस ने उस समय गंभीरता से नहीं लिया। पीड़ित से बोल दिया गया कि दोनों बेटियां बालिग हैं। पुलिस क्या कर सकती है।

पिता बेटियों के लिए इधर-उधर भटकते रहे। सगी बहनों के



आगरा से जाने के 41 दिन बाद चार मई को अपहरण की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। मुकदमे में साईमा उर्फ खुशबू नामजद है। सदर पुलिस सगी बहनों का कोई सुराग नहीं लगा पाई। आरोपित युवती कहां रहती है। क्या करती है। सदर पुलिस यह पता नहीं लगा पाई। सगी बहनों के परिजन हर दिन यह सोचकर पुलिस के पास जाते रहे कि शायद कोई सूचना मिलेगी। चक्कर लगा-लगाकर वह हताश और निराश हो गए। सूत्रों की मानें तो जांच में आई जानकारियों ने अधिकारियों के भी होश उड़ा दिए हैं। सगी बहनें धर्मांतरण के पक्ष में मुहिम से जुड़ गई हैं। ठीक उसी अंदाज में जैसे फिल्म द केरल स्टोरी में युवतियां दूसरी युवतियों को फंसाया करती थीं। साइबर क्राइम थाना पहुंची विवेचना पुलिस आयुक्त दीपक कुमार को जानकारी हुई तो उन्होंने पूरे मामले पर नजर रखने की जिम्मेदारी एडीसीपी सिटी आदित्य को दी। करीब सात दिन पहले मुकदमे की विवेचना साइबर क्राइम थाना स्थानांतरित कर दी गई। पुलिस को सोशल मीडिया पर कुछ आईडी मिली हैं। पूरे मामले के तार पश्चिमी बंगाल, जम्मू एंड कश्मीर और दिल्ली एनसीआर से जुड़ रहे हैं।

# गोदाम खुलते ही चौंक गए मंत्री किरोड़ी, ललित मोदी के परिवार की कंपनी में छापा

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में कृषि क्षेत्र को झकझोर देने वाली बड़ी कार्रवाई सामने आई है। राज्य के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने बुधवार देर शाम राजधानी जयपुर और उसके आसपास के इलाकों में कीटनाशक बनाने वाली 6 बड़ी फैक्ट्रियों और उनके गोदामों पर छापेमारी कर नकली और घटिया गुणवत्ता वाले पेस्टिसाइड का भंडाफोड़ किया। इस कार्रवाई में आईपीएल के पूर्व कमिश्नर ललित मोदी के परिवार की कंपनी इंडोफिल इंडस्ट्री लिमिटेड के गोदाम को भी सील कर दिया गया है।

छापेमारी के दौरान महादेव नगर और चौमूं स्थित फैक्ट्रियों में मंत्री स्वयं मौजूद रहे। एक गोदाम बंद मिलने पर खुद ताला तुड़वाकर खुलवाया गया। मंत्री किरोड़ी ने दावा किया कि बड़ी मात्रा में अमानक, नकली और किसानों के लिए हानिकारक कीटनाशक जब्त किए गए हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इन नकली दवाओं के कारण श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिले में किसानों की लाखों बीघा कपास की फसल बर्बाद हो गई।



**ललित मोदी की कंपनी पर सीधा आरोप :** मंत्री मीणा ने खुलासा किया कि किसानों ने सफेद मक्खी के प्रकोप से निपटने के लिए इंडोफिल कंपनी का पेस्टिसाइड 10 हजार रुपये प्रति किलो की दर से खरीदा था, लेकिन इसके बावजूद उनकी फसलें नष्ट हो गईं। उन्होंने कहा, मैंने पता किया कि यह कंपनी किसकी है। बताया गया कि यह ललित मोदी की कंपनी है, जिसमें रुचिर मोदी, चारू मोदी और पारुल मोदी डायरेक्टर हैं। डायरेक्टर होना बुरा नहीं है, लेकिन गोदाम में जो माल मिला है, वो आपत्तिजनक है।

**नकली पेस्टिसाइड, किसानों की बर्बादी :** किरोड़ी मीणा ने कहा, राजस्थान में पहले ही नकली बीज और खाद ने किसानों को बर्बादी की कगार पर पहुंचा दिया है। अब नकली पेस्टिसाइड का नया खेल शुरू हो गया है। हम ऐसा नहीं होने देंगे। जो भी दोषी होगा, चाहे वो अधिकारी हो या कंपनी, किसी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि कई निरीक्षकों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है और उन्हें सस्पेंड किया जा रहा है।

**आधा दर्जन कंपनियों में भारी अनियमितताएं :** मंत्री किरोड़ी ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि इंडोफिल इंडस्ट्री लिमिटेड, श्रीराम कृषि रसायन लिमिटेड, उदित ओवरसीज लिमिटेड, आदि कृषि रसायन सहित कुल छह कंपनियों के निरीक्षण में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। इनमें नकली पेस्टिसाइड को नामी ब्रांड की पैकिंग में बेचने, बिना अनुमति के उत्पादन और भंडारण, व अमानक उत्पादों के वितरण जैसे कई गंभीर मामले शामिल हैं।

## गवई बोले- कभी अछूत रहे समाज का एक व्यक्ति आज चीफ जस्टिस, यही संविधान की पावर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चीफ जस्टिस बीआर गवई का कहना है कि भारत का संविधान एक सामाजिक दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान सत्ता का बैलेंस बनाने और लोगों का सम्मान बहाल करने के लिए जरूरी हस्तक्षेप करने का साहस भी रखता है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान यह दिखावा नहीं करता कि सभी समान हैं बल्कि वह इसके लिए कदम उठाने का साहस भी दिखाता है। न्यायमूर्ति गवई ने मंगलवार को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में 'प्रतिनिधित्व से कार्यान्वयन तकः संविधान के वादे को मूर्त रूप देना' विषय पर अपने संबोधन में नगरपालिका के एक स्कूल से लेकर देश के सर्वोच्च न्यायिक पद तक अपनी यात्रा का उल्लेख किया।

लंदन स्थित ऑक्सफोर्ड यूनियन एक संस्था है, जहां लोग विभिन्न औपचारिक विषयों पर परिचर्चा करते हैं। उन्होंने संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में डॉ बी आर आंबेडकर की भूमिका पर भी रोशनी डाली। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'कई दशक पहले, भारत के लाखों नागरिकों को 'अछूत' कहा जाता था। उन्हें बताया जाता था कि वे अपवित्र हैं। उन्हें बताया जाता था कि वे अपने लिए नहीं बोल सकते। लेकिन आज हम यहां हैं, जहां उन्हीं लोगों से संबंधित एक व्यक्ति देश की न्यायपालिका में सर्वोच्च पद धारक के रूप में खुलकर बोल रहा है।



भारत के संविधान ने यही किया है।' उन्होंने कहा कि संविधान नागरिकों को बताता है कि 'वे अपने लिए बोल सकते हैं, समाज और सत्ता के हर क्षेत्र में उनका समान स्थान है।

न्यायमूर्ति गवई ने कहा, 'संविधान महज एक कानूनी चार्टर या राजनीतिक ढांचा नहीं है। यह एक भावना है, जीवनरेखा है, स्याही से उकेरी एक मौन क्रांति है।' उन्होंने कहा, 'संविधान एक सामाजिक दस्तावेज है, जो जाति, गरीबी, बहिष्कार और अन्याय की क्रूर सच्चाइयों से अपनी नजर नहीं हटाता। यह इस बात का दिखावा नहीं करता कि गहरी असमानता से ग्रसित देश में सभी समान हैं। इसके बजाय, यह हस्तक्षेप करने, पटकथा को फिर से लिखने, सत्ता को पुनःसंतुलित करने और गरिमा बहाल करने का साहस करता है।

# दिल्ली चिड़ियाघर की बदलेगी तस्वीर, संवारेगा अनंत अंबानी का वंतारा, दोनों में हुई साझेदारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के प्रमुख प्राणी उद्यानों में से एक, दिल्ली चिड़ियाघर, पशु कल्याण और संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है और वर्तमान में इसमें 95 प्रजातियां निवास कर रही हैं। हाल ही में, चिड़ियाघर ने वंतारा के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की है। वंतारा, जो जरूरतमंद जानवरों की देखभाल में संलग्न है, संसाधनों की साझेदारी, आधुनिक सुविधाओं और वैज्ञानिक विशेषज्ञता के माध्यम से चिड़ियाघर के मिशन को और सशक्त बनाता है। यह संयुक्त प्रयास वन्यजीव संरक्षण और पुनर्वास के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करने की दिशा में काम करेगा। हाल ही में इस समझौते को लेकर कुछ आलोचनाएं सामने आई हैं, जिनमें इसे निजीकरण के प्रयास के रूप में गलत ढंग से प्रस्तुत किया गया है। हालांकि, वंतारा के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यह साझेदारी किसी भी प्रकार की स्वामित्व या प्रशासनिक नियंत्रण का हस्तांतरण नहीं करती है और यह पूर्णतः सहयोगात्मक प्रयासों पर केंद्रित है। इस साझेदारी का उद्देश्य सार्वजनिक संस्थान की ताकत को वंतारा की पशु कल्याण विशेषज्ञता के साथ मिलाकर जानवरों के जीवन को समृद्ध बनाना है और दिल्लीवासियों को एक अधिक सार्थक वन्यजीव अनुभव प्रदान करना है। वंतारा के सीईओ, विवान करानी ने कहा, इस पहल का उद्देश्य चिड़ियाघर की कार्यप्रणाली को मजबूत करना और इसे दिल्ली के लोगों




के लिए एक अधिक अर्थपूर्ण और समृद्ध अनुभव में बदलना है। यह दिल्ली सरकार की दूरदर्शिता को दर्शाता है जो प्राणी विज्ञान और पशु कल्याण जैसे विशेषज्ञ क्षेत्रों में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त पेशेवरों को शामिल करना चाहती है। यह सहयोग भारत में पशु देखभाल के लिए एक नया मानक स्थापित करने की दिशा में कार्य करेगा और राजधानी को एक विश्व-स्तरीय वन्यजीव वातावरण प्रदान करेगा जो ज्ञान, करुणा और देखभाल पर आधारित होगा। दिल्ली चिड़ियाघर और वंतारा की यह रणनीतिक साझेदारी चिड़ियाघर में पशु कल्याण और संरक्षण प्रयासों को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। यह सार्वजनिक जवाबदेही को बनाए रखते हुए पशु देखभाल मानकों को बेहतर बनाने की दिशा में दिल्ली सरकार का एक सुनियोजित कदम है। जानवरों को संरक्षित स्थान देने के साथ-साथ वंतारा का लक्ष्य चिड़ियाघर के कर्मचारियों को पशु कल्याण के क्षेत्र में विशेषज्ञ बनाना भी है। इसके तहत कर्मचारियों की क्षमता वृद्धि के लिए कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे, जो उन्हें आधुनिक पशु देखभाल कौशल प्रदान करेंगे। इसका उद्देश्य उन्हें तकनीकी ज्ञान से लैस करना और उनके परिवारों के लिए बीमा सुरक्षा सुनिश्चित करना है। यह पहल कर्मचारियों के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने की दिशा में भी काम करेगी। करानी ने यह भी कहा, इस सहयोग के तहत हम जानवरों के लिए नए और सुसज्जित बंद स्थान बनाएंगे, जिससे उन्हें एक सुरक्षित और समृद्ध वातावरण मिलेगा जो उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का समर्थन करेगा। जब कर्मचारियों को उचित प्रशिक्षण मिलेगा।

# डब्ल्यूटीसी 2023-25 आईसीसी ने प्राइज मनी बढ़ाई, विजेता-उपविजेता पर होगी पैसों की बरसात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जा रहा है। आईसीसी ने इस साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए प्राइज मनी में बढ़ोतरी की थी। इस साल विजेता टीम तो मालामाल होगी ही, साथ ही उपविजेता टीम को भी साल 2023 में विजेता टीम को मिली राशि से ज्यादा रुपये मिलेंगे।

हालांकि, इस चक्र में तीसरे स्थान पर रहने वाली भारतीय टीम पर भी पैसों की बरसात होगी। उन्हें भी जितनी राशि मिलेगी, वह 2023 में डब्ल्यूटीसी फाइनल जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम की राशि के करीब है। वहीं, इस चक्र में सबसे फिसड्डी रही पाकिस्तान की टीम को सबसे कम राशि मिलेगी। डब्ल्यूटीसी में नौ टीमें हिस्सा लेती हैं और अंक प्रतिशत के आधार पर शीर्ष दो पर रहने वाली टीम फाइनल खेलती है।



### विजेता-उप-विजेता को कितनी राशि?

आईसीसी ने विजेता टीम के लिए जो राशि तय की है, वह पिछले संस्करण से दोगुनी है। इस बार विजेता टीम को बंपर पैसे मिलेंगे और आईपीएल विजेता से भी ज्यादा मिलेंगे। इस साल विजेता टीम को 3.6 मिलियन यूएस डॉलर यानी 30.79 करोड़ रुपये मिलेंगे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने जब 2023 में फाइनल जीता था तो उन्हें 1.6 मिलियन डॉलर यानी 13.69 करोड़ रुपये मिले थे। फाइनल में हारने वाली टीम यानी उप विजेता को 2.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर (17.96 करोड़ रुपये) मिलेंगे, जो कि पिछले दो बार की विजेता राशि से भी ज्यादा है। वहीं, पिछले दो संस्करणों के उपविजेता को 800,000 अमेरिकी डॉलर यानी 6.84 करोड़ रुपये मिले थे।

### भारतीय टीम को इतने रुपये मिलेंगे

वहीं, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र में अंक तालिका में तीसरे स्थान पर टीम इंडिया रही थी। उन्हें इनाम के तौर 1.4 मिलियन डॉलर यानी 12.31 करोड़ रुपये मिलेंगे। चौथे स्थान पर न्यूजीलैंड की टीम रही और उन्हें 1.2 मिलियन डॉलर यानी 10.26 करोड़ रुपये मिलेंगे। पांचवें स्थान पर इंग्लैंड की टीम रही और उन्हें 0.96 मिलियन डॉलर यानी 8.20 करोड़ रुपये मिलेंगे। छठे स्थान पर श्रीलंका की टीम रही और उन्हें 0.84 मिलियन डॉलर यानी 7.18 करोड़ रुपये मिलेंगे।

### पाकिस्तान को मिलेंगे इतने रुपये

सातवें स्थान पर रहने वाली बांग्लादेश की टीम को 0.72 मिलियन डॉलर यानी 6.15 करोड़ रुपये, आठवें स्थान पर रहने वाली वेस्टइंडीज टीम को 0.6 मिलियन डॉलर यानी 5.13 करोड़ रुपये और सबसे आखिरी यानी नौवें स्थान पर रहने वाली पाकिस्तान की टीम को 0.48 मिलियन डॉलर यानी 4.10 करोड़ रुपये मिलेंगे। भारत को पाकिस्तान को मिलने वाली राशि से तीन गुना ज्यादा रुपये मिलेंगे।

### राशि बढ़ाने के पीछे आईसीसी का मकसद

आईसीसी के प्राइज मनी को बढ़ाने के पीछे का मकसद टेस्ट क्रिकेट को और रोमांचक बनाना है ताकि टीमें तालिका में ऊपर आने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा करें और बेहतर इनाम जीतने की कोशिश करें। इससे टीमें अंत अंत तक खुद को ऊपर लाने की कोशिश करेंगी। इस 2023-25 डब्ल्यूटीसी चक्र में दक्षिण अफ्रीका की टीम 69.44 अंक प्रतिशत के साथ शीर्ष पर रही थी, जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम 67.54 अंक प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रही। भारत का अंक प्रतिशत इस चक्र में 50.00 रहा। भारतीय टीम अब अपने 2025-27 चक्र की शुरुआत इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से करेगी।

# सोफी शाइन ने शिखर धवन से पहली मुलाकात का किया खुलासा, कहा कैसे शुरू हुई हमारी लव स्टोरी!



**मुंबई (एजेंसी)।** आयशा मुखर्जी से 11 साल बाद तलाक बाद पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन सोफी शाइन के साथ रिलेशनशिप में हैं। आयरलैंड में जन्मी सोफी कॉर्पोरेट घराने से है। धवन और सोफी की लव स्टोरी चुपचाप शुरू हुई, लेकिन इस जोड़े को विभिन्न जगहों पर साथ देखे जाने के बाद लोगों के बीच यह जोड़ी चर्चा में है। अब सोफी शाइन ने खुलासा किया कि वह शिखर धवन से कैसे मिलीं और दोनों कैसे रिलेशनशिप में आए। सोफी ने पहली बार सार्वजनिक मंच पर बताया कि शिखर से पहली मुलाकात के दौरान किस बात ने उन्हें क्रिकेटर की तरफ आकर्षित किया। एक प्रमोशनल वीडियो में सोफी ने कहा कि धवन की शरारती आंखें और सुंदर चेहरे ने शुरू में उनका ध्यान खींचा था। उन्होंने कहा कि वह दुबई के एक रेस्तरां में उनकी पहली मुलाकात के दौरान वह तुरंत उनकी ओर आकर्षित हो गई थीं।

सोफी ने कहा, निश्चित रूप से, उनका सुंदर चेहरा। उनकी आंखें बहुत शरारती थीं। उनके बगल में बैठे धवन ने उस पल की अपनी याद को जोड़ते हुए कहा, हम दुबई के एक रेस्तरां में मिले और यह एक शानदार एहसास था। सोफी ने कैमोफ्लाज ट्राउजर पतलून और जैकेट पहनी हुई थी। वह बहुत सुंदर लग रही थी। दुबई में हुई शुरुआती मुलाकात जल्द ही नियमित बातचीत और मिलने में बदल गई जो एक स्थिर रिश्ते में परिपक्व हो गई। शुरुआत में दोनों रिलेशनशिप को लेकर चुप रहे लेकिन एयरपोर्ट और हाई-प्रोफाइल क्रिकेट इवेंट में एक साथ दिखाई देने से धीरे-धीरे यह स्पष्ट हो गया कि वे सिर्फ परिचित नहीं थे। सबसे चर्चित पलों में से एक वह था जब धवन आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में दुबई में थे। सोफी के साथ क्रिकेटर की तस्वीरें तेजी से वायरल हुई जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया। उसके बाद सोफी भारत चली गई और धवन के साथ रहने लगीं। आयरलैंड में जन्मी और पली-बढ़ी, उन्होंने प्रतिष्ठित लिमरिक इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से मार्केटिंग और मैनेजमेंट में डिग्री हासिल करने से पहले कैसलरॉय कॉलेज में अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की। वर्तमान में वह अबू धाबी में नॉर्दर्न ट्रस्ट कॉर्पोरेशन में द्वितीय उपाध्यक्ष के उच्च पद पर हैं, जहां वह प्रोडक्ट कंसलटेंट के रूप में काम करती हैं।

## इंग्लैंड में 18वीं फिफ्टी लगाई, वेरियन ने एक हाथ से डाइविंग कैच लिया

# स्टीव स्मिथ लॉर्ड्स स्टेडियम में टॉप विदेशी स्कोरर

**लंदन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच लंदन के लॉर्ड्स स्टेडियम में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल खेला जा रहा है। बुधवार को मुकाबले के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया 212 रन बनाकर सिमट गई। साउथ अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 4 विकेट खोकर 43 रन बना लिए।

ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ ने 66 रन बनाए, इसी के साथ वे इंग्लैंड में सबसे ज्यादा 50 प्लस स्कोर बनाने वाले विदेशी बैटर बने। वे लॉर्ड्स स्टेडियम में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी भी बने। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने अपने आखिरी 5 विकेट महज 22 रन बनाने में गंवा दिए।

### इंग्लैंड में हाईएस्ट 50+ स्कोर वाले विदेशी बने स्मिथ

ऑस्ट्रेलिया के नंबर-4 बैटर स्टीव स्मिथ 66 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने इंग्लैंड में 10वीं फिफ्टी लगाई, वे यहां 8 सेंचुरी भी लगा चुके हैं। डब्ल्यूटीसी फाइनल में फिफ्टी लगाकर स्मिथ इंग्लैंड में सबसे ज्यादा 18 फिफ्टी प्लस स्कोर बनाने वाले विदेशी बैटर बन गए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के ही एलन बॉर्डर और वेस्टइंडीज के विवियन रिचर्ड्स का रिकॉर्ड तोड़ा। दोनों के नाम इंग्लैंड में 17-17 फिफ्टी प्लस स्कोर का रिकॉर्ड रहा।

### लॉर्ड्स में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी बने स्मिथ

ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ लंदन के लॉर्ड्स स्टेडियम में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी बैटर भी बन गए। उनके अब 6 मैच की 10 पारियों में 591 रन हो गए। इनमें उन्होंने 2 शतक और 3 फिफ्टी लगाई हैं। स्मिथ ने ऑस्ट्रेलिया के ही वारेन बार्डस्ले का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 5 मुकाबलों में 575 रन बनाए।

### काइल वेरियन का डाइविंग कैच

साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर काइल वेरियन ने एक हाथ से बेहतरीन डाइविंग कैच पकड़ा। 24वें ओवर की दूसरी बॉल मार्को यानसन ने गुड लेंथ पर लेग स्टंप की ओर फेंकी। ट्रैविस हेड फ्लिक करने गए, लेकिन गेंद उनके बैट से लगकर विकेटकीपर की ओर चली गई। यहां वेरियन ने अपने दाईं ओर डाइव लगाई और एक हाथ से बेहतरीन कैच पकड़ लिया। हेड को 11 रन के स्कोर पर पवेलियन लौटना पड़ा।



### रिव्यू नहीं लेने के कारण नॉटआउट रहे वेबस्टर

29वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया के ब्यू वेबस्टर साउथ अफ्रीका के रिव्यू नहीं लेने के कारण आउट होने से बच गए। ओवर की दूसरी बॉल कगिसो रबाडा ने गुड लेंथ पर इन स्विंगर फेंकी। बॉल वेबस्टर के पैड्स पर लगी, रबाडा ने एलपीडब्ल्यू की अपील की, लेकिन अंपायर ने नॉटआउट का इशारा दिया।

रबाडा ने रिव्यू लेने की सलाह दी, लेकिन कप्तान तेम्बा बावुमा ने मना कर दिया। उन्होंने इशारा किया कि बॉल बैट से लगी है। रिप्ले में पता चला कि अगर छ्रक्ष लिया जाता तो वेबस्टर को पवेलियन लौटना पड़ता। इस वक्त वेबस्टर महज 8 रन के स्कोर पर थे, उन्होंने 72 रन की पारी खेली।

### मार्को यानसन का जगलिंग कैच

42वें ओवर में साउथ अफ्रीका के मार्को यानसन ने फर्स्ट स्लिप में बेहतरीन जगलिंग कैच पकड़ा। ओवर की आखिरी बॉल ऐडन मार्करम ने ऑफ स्टंप के बाहर फुलर लेंथ फेंकी। स्टीव स्मिथ ड्राइव करने गए, लेकिन गेंद बाहरी किनारे से लगकर स्लिप की ओर चली गई। फर्स्ट स्लिप में यानसन ने अपने बाएं हाथ से बॉल पकड़ी, लेकिन गेंद उछलकर दाएं हाथ की ओर चली गई। यानसन ने तीसरी बार कोशिश की और बॉल पकड़ ली। स्मिथ 66 रन बनाकर आउट हुए।

### रिवर्स स्वीप खेलने में बोल्ड हुए कैरी

ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बैटर एलेक्स कैरी रिवर्स स्वीप खेलने की कोशिश में बोल्ड हो गए। 52वें ओवर की पहली बॉल केशव महाराज ने फुलर लेंथ फेंकी, कैरी रिवर्स स्वीप खेलने गए, लेकिन गेंद मिस कर गए और बोल्ड हो गए। कैरी ने 23 रन बनाए।

### 22 रन बनाने में ऑस्ट्रेलिया ने 5 विकेट गंवाए

ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे सेशन में 5 विकेट गंवा दिए। टीम के सभी विकेट 22 रन बनाने में ही गिर गए। टी सेशन के बाद केशव महाराज ने एलेक्स कैरी को बोल्ड किया। यहां से कगिसो रबाडा ने पैट कमिंस और ब्यू वेबस्टर को पवेलियन भेजा। मार्को यानसन ने नाथन लायन को बोल्ड किया। रबाडा ने फिर मिचेल स्टार्क को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया की पारी 212 रन पर समेट दी।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल

# साउथ अफ्रीका की आधी टीम 97 रन पर ही पैवेलियन लौटी



**लॉर्ड्स (एजेंसी)।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल मैच ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच लंदन में खेला जा रहा है। बुधवार लॉर्ड्स स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने बॉलिंग चुनी। गुरुवार को मैच का दूसरा दिन है और पहला सेशन जारी है।

साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 5 विकेट खोकर 97 रन बना लिए हैं। डेविड बेडिंघम (26 रन) और काइल वेरियन (1 रन) पिच पर हैं। कप्तान टेम्बा बावुमा (36 रन) को पैट कमिंस ने मार्नस लाबुशेन के हाथों कैच कराया।

पहले दिन कमिंस ने वियान मुल्डर (6 रन) को बोल्ड किया था। साउथ अफ्रीका ने 43/4 के स्कोर से दूसरे दिन की शुरुआत की। पहले दिन ऑस्ट्रेलिया 212 रन पर ऑलआउट हो गई थी। ब्यू वेबस्टर ने 72 और स्टीव स्मिथ ने 66 रन की पारी खेली। कगिसो रबाडा ने 5 और मार्को यानसन ने 3 विकेट लिए।

साउथ अफ्रीका ने 5वां विकेट गंवा दिया है। यहां कप्तान टेम्बा बावुमा 36 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें पैट कमिंस ने मार्नस लाबुशेन के हाथों कैच कराया। कमिंस को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने पहले दिन वियान मुल्डर को बोल्ड किया था।

### बावुमा-बेडिंघम की फिफ्टी पार्टनरशिप

34वें ओवर में कप्तान टेम्बा बावुमा और डेविड बेडिंघम की जोड़ी ने फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली है। मिचेल स्टार्क के ओवर की दूसरी बॉल पर बावुमा ने चौका लगाकर 5वें विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की। टीम ने 30 रन पर चौथा विकेट गंवाया था।

# मौजूदा फॉर्म और गेंदबाजी संयोजन पर होगी भारतीय टीम प्रबंधन की नजर

**बेकेनहैम (केंट) (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला से पहले भारत की सीनियर टीम और भारत ए के बीच शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले चार दिवसीय अभ्यास क्रिकेट मैच में टीम प्रबंधन सही संयोजन तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस मैच में कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा के प्रदर्शन पर निगाह रहेगी और भारतीय टेस्ट टीम की अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए इन दोनों के बीच दिलचस्प मुकाबला होने की संभावना है।

यह मैच 20 जून से हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले सीनियर टीम का एकमात्र अभ्यास मैच होगा। किसी भी श्रृंखला से पहले इस तरह के मैच टीम की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में भारतीय टीम ने यह मैच खाली स्टेडियम में खेलने का विकल्प चुना है ताकि विपक्षी टीम को उनकी रणनीति की भनक नहीं लग सके। यूरोपीय फुटबॉल क्लब लंबे समय से ऐसा करते रहे हैं।

भारतीय क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में भी ऐसा किया था। भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने बुधवार को कहा था कि यह मैच भारत की तैयारी की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि सामान्य अभ्यास सत्रों से एक दिन में 90 ओवर गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण करने की क्षमता विकसित करना मुश्किल होता है। इस चार दिवसीय मैच को आधिकारिक तौर पर प्रथम श्रेणी का दर्जा प्राप्त नहीं है। इसमें यदि कोई बल्लेबाज सस्ते में आउट हो जाता है तो उसे दूसरा मौका मिलता है।

इस मैच से भारतीय टीम प्रबंधन को मैच की परिस्थितियों में अपने खिलाड़ियों विशेष कर गेंदबाजों का आकलन करने का अच्छा मौका मिलेगा। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि गेंदबाज़ चाहे वह स्पिनर हो या तेज़ गेंदबाज वास्तविक मैच में अपेक्षित लय में हों। हेडिंग्ले के लिए एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर को चुनने के लिए गंभीर को कुछ माथापच्ची करनी होगी। जडेजा का विदेश में बल्लेबाजी रिकॉर्ड अच्छा रहा है लेकिन अगर भारत को 20 विकेट हासिल करने हैं तो फिर कुलदीप की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाएगी।

कुलदीप यहां की परिस्थितियों में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अच्छे सहयोगी साबित हो सकते हैं। जडेजा बनाम कुलदीप अंतिम एकादश के लिए सबसे बड़ी पहेली है जिसे गंभीर और कोचिंग स्टाफ को सुलझाना होगा। इसी तरह इस मैच से कोचों और कप्तान शुभमन गिल को यह देखने का मौका मिलेगा कि आकाश दीप की फुल लेंथ या प्रसिद्ध कृष्णा की बैक ऑफ द लेंथ में से कौन सी गेंद इन परिस्थितियों में बेहतर काम करती है। छह महीने बाद लाल गेंद से मैच खेलने वाले बुमराह को कई स्पैल में गेंदबाजी करने और अपनी फिटनेस को परखने का मौका मिलेगा।

# गंभीर ने इंग्लैंड दौरे को यादगार बनाने के लिए दी सलाह

## टेस्ट श्रृंखला 20 जून से शुरु

**बेकेनहैम (इंग्लैंड) (एजेंसी)।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अपनी टीम से अपने 'कम्फर्ट जोन' (सहज स्थिति) से बाहर निकलने और संन्यास ले चुके स्टार खिलाड़ियों विराट कोहली, रोहित शर्मा तथा आर अश्विन की अनुपस्थिति में इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला को 'यादगार' बनाने को कहा।

भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में अपनी पहली श्रृंखला जीतने के इरादे से उतरेगा। दोनों टीम के बीच पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला 20 जून को लीड्स में पहले टेस्ट के साथ शुरू होगी। गंभीर ने 'बीसीसीआई.टीवी' से अश्विन, रोहित और कोहली के हाल ही में संन्यास का जिक्र करते हुए कहा, 'इस दौरे को देखने के दो तरीके हैं। एक तो यह कि हम अपने तीन सबसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना हैं या हमें देश के लिए कुछ खास करने का यह अभूतपूर्व अवसर मिला है।

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा कि वह शुभमन गिल की अगुआई वाली मौजूदा टीम में कुछ खास हासिल करने के लिए 'जुनून और प्रतिबद्धता% महसूस कर सकते हैं। उन्होंने कहा,



'जब मैं इस समूह को देखता हूं तो मुझे कुछ खास करने की भूख, जुनून और प्रतिबद्धता दिखती है। अगर हम त्याग करते हैं, अगर हम अपनी सहज स्थिति से बाहर आते हैं, अगर हम हर दिन नहीं बल्कि हर सत्र, हर घंटे और हर गेंद पर चुनौती पेश करना शुरू करते हैं तो मुझे लगता है कि हम इसे एक यादगार दौरा बना सकते हैं।%

गंभीर ने इंग्लैंड दौरे पर पूरी टीम का स्वागत किया और बी साई सुदर्शन से शुरुआत करते हुए कुछ सदस्यों की विशेष सराहना की। भारतीय कोच ने कहा, 'पहली बार टेस्ट टीम में बुलाया जाना हमेशा खास होता है इसलिए मैं साई का स्वागत करना चाहता हूं जिनके लिए बल्ले से तीन महीने शानदार रहे हैं और सुनिश्चित कीजिए कि आपका लाल गेंद का करियर बेहद सफल हो।

गंभीर ने उम्मीद जताई कि तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह टेस्ट क्रिकेट में भी अपना प्रभाव छोड़ेंगे। उन्होंने कहा, 'मैं अर्शदीप सिंह का स्वागत करना चाहता हूं। आपने सफेद गेंद से शानदार प्रदर्शन किया है और मुझे यकीन है कि आप लाल गेंद से भी अपना जलवा बिखेरेंगे। इस 43 वर्षीय कोच ने इसके बाद गिल और उप-कप्तान ऋषभ पंत की पीठ भी थपथपाई। गंभीर ने कहा, 'मैं शुभमन को भी बधाई देना चाहता हूं जो पहली बार कप्तानी कर रहे हैं। अपने देश की टेस्ट टीम का नेतृत्व करने से बड़ा कोई सम्मान नहीं है। बधाई हो। ऋषभ पंत को भी जो अब नेतृत्व समूह का हिस्सा हैं।

गंभीर ने करुण नायर की भी तारीफ की जिन्होंने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम में वापसी की। भारतीय कोच ने कहा, 'वापसी कभी आसान नहीं होती, जिसने सात साल बाद वापसी की हो, उसका पिछला साल शानदार रहा। उन्होंने कहा, 'आपने जितने रन बनाए हैं और सबसे महत्वपूर्ण बात कभी हार ना मानने का जज्बा है जिसने आपको टीम में वापस ला दिया है और यह इस समूह में सभी के लिए प्रेरणादायक है। करुण नायर का स्वागत है।%

नायर ने कहा कि वह भारत के लिए खेलने का दूसरा मौका मिलने पर 'आभारी' हैं। उन्होंने कहा, 'इस अवसर फिर से मिलने के लिए आभारी हूं। मैं इस अवसर का पूरा फायदा उठाने के लिए उत्सुक हूं। मुझे यकीन है कि एक बार जब मैं मैदान पर उतरूंगा तो मेरे अंदर बहुत सारी भावनाएं होंगी लेकिन अभी मैं उन्हें व्यक्त नहीं कर सकता।

कप्तान गिल ने अपने साथियों से खुद को थोड़ा दबाव में रखने का आग्रह किया जिससे कि श्रृंखला शुरू होने पर वे परिस्थितियों से प्रभावित नहीं हों। गिल ने कहा, 'आइए प्रत्येक नेट सत्र को सार्थक बनाएं। आइए खुद को थोड़ा दबाव में रखें। जब हम मैदान पर उतरते हैं तो इसका मतलब सिर्फ मैदान पर जाकर टिके रहना नहीं होता, आइए हम अपने खेल का पता लगाएं, जब हम पर दबाव डाला जाएगा तो हम कैसे खेलेंगे - चाहे वह गेंदबाज हो या बल्लेबाज।

# भारत अच्छी तैयारी के साथ आया होगा, लेकिन हम जानते हैं कि हमें कहां पहुंचना है: मैकुलम

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि भारत पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए अच्छी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ यहां आया होगा लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनके खिलाड़ी इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि 'एक टेस्ट टीम के रूप में हम कहां पहुंचना चाहते हैं। भारत अपने नए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की शुरुआत 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के साथ करेगा।

मैकुलम ने स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट से कहा, 'वह शानदार क्रिकेट खेलने वाला देश है, जो बड़ी उम्मीदों के साथ यहां आया होगा और हम उनकी चुनौती के लिए तैयार हैं। इंग्लैंड ने हाल ही में छह मैचों की सफ़ेद गेंद की श्रृंखला में वेस्टइंडीज़ का सफ़ाया किया। अब उनका ध्यान लाल गेंद के प्रारूप पर है क्योंकि वे भारत और इस साल के अंत में होने वाली एशेज की तैयारी कर रहे हैं। मैकुलम ने कहा, ''यह महत्वपूर्ण है कि खिलाड़ी तरोताजा रहें। हम जानते हैं कि टेस्ट टीम के रूप में हमें कहां पहुंचना है।

इंग्लैंड की टीम में तेज गेंदबाज मार्क वुड नहीं होंगे, जो चोट के कारण कम से कम पहले तीन टेस्ट से बाहर हो गए हैं। उनके साथी तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी शुरुआती टेस्ट से बाहर रहेंगे, जबकि गस एटकिंसन अब भी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से उबर रहे हैं। मैकुलम को हालांकि इंग्लैंड के गेंदबाजी विकल्पों पर पूरा भरोसा है। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने कहा, 'हमारे कुछ अच्छे तेज गेंदबाज खेलने के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे लेकिन हमारे पास क्रिस वोक्स, सैम कुक, ब्रायडन कार्स, जेमी ओवरटन, जोश टंग के रूप में तेज गेंदबाजी विभाग में अच्छा और विविधतापूर्ण आक्रमण है।

# धरमपुर तहसील बनने से क्षेत्रवासियों को होगी सहूलियत : सिंह

## पन्ना विधायक ने प्रदेश के पहले अटल सुशासन भवन का किया लोकार्पण

**पन्ना।** आम जनता के सहयोग एवं समर्थन से पन्ना विधानसभा में समस्त जनहितैषी विकास कार्य पूर्ण किए जाएंगे। इसके लिए हर स्तर पर समन्वय का कार्य भी होगा। जनप्रतिनिधि की हैसियत से जनकल्याण की मंशा के साथ विकास कार्यों की बदौलत अलग पहचान स्थापित करने का निरंतर प्रयास भी किया जाएगा। यह बात पूर्व मंत्री एवं विधायक पन्ना बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने बुधवार को अजयगढ़ विकासखंड की ग्राम पंचायत धरमपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कही। इस मौके पर उन्होंने बतौर मुख्य अतिथि धरमपुर ग्राम पंचायत के नवीन अटल सुशासन भवन का लोकार्पण किया। साथ ही ग्रामीणजनों को धरमपुर तहसील घोषित होने पर शुभकामनाएं भी दीं। उल्लेखनीय है कि गत 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खजुराहो में केन बेतवा लिंक परियोजना के भूमिपूजन अवसर पर मध्य प्रदेश को एक हजार अटल सुशासन भवन की सौगात प्रदान की थी। इस क्रम में पन्ना जिले को कुल 35 एवं अजयगढ़ विकासखंड को 7 सुशासन भवन की सौगात मिली। धरमपुर ग्राम पंचायत का नवीन अटल सुशासन भवन न सिर्फ पन्ना जिले का, बल्कि मध्य प्रदेश का पहला लोकार्पित भवन भी है। इसमें सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक के लिए पृथक कक्षों के अतिरिक्त बेहतर शौचालय, पेयजल सुविधा एवं विद्युत व्यवस्था सहित सभाकक्ष एवं पर्याप्त बाह्य एवं आंतरिक परिसर की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। आगामी 50 वर्षों की आवश्यकताओं के दृष्टिगत तथा सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देने के मकसद से भी सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

पूर्व मंत्री श्री सिंह ने कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच एवं उनकी टीम की अल्प समय में अटल सुशासन भवन का कार्य पूर्ण करने पर सराहना की। साथ ही जिला पंचायत सीईओ को इसकी निगरानी व्यवस्था के लिए भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जनविश्वास से हर क्षेत्र में जनकल्याण के कार्य होंगे। विधानसभा क्षेत्र में सड़क, पुल पुलियों के निर्माण सहित बेहतर आवागमन के लिए केन नदी पर 36 करोड़ रुपए का पुल भी स्वीकृत कराया गया है। हर




सुदूरवर्ती ग्रामों तक विकास सुनिश्चित करने के लिए बेहतर कार्ययोजना पर निरंतर रूप से कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनआकांक्षा अनुरूप मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा गत 29 मई को पन्ना प्रवास के दौरान धरमपुर को तहसील का दर्जा प्रदान किया गया। इससे अब लोगों को राजस्व संबंधी कार्यों के लिए अजयगढ़ तक आवागमन नहीं करना पड़ेगा। इसके अलावा बृजपुर में महाविद्यालय की स्थापना, पन्ना में मेडिकल कॉलेज तथा अजयगढ़ में 100 बेड के सिविल अस्पताल की घोषणा भी की गई है। पूर्व में जनता की मांग पर पहाड़ीखेरा में स्वास्थ्य केंद्र व विद्युत सब स्टेशन की मांग भी पूर्ण की गई। खोरा के नवीन शासकीय महाविद्यालय के स्वयं के भवन निर्माण के लिए भी बजट प्राप्त हुआ है। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में बगैर भेदभाव के सभी विकास कार्यों को पूर्ण करने की दिशा में सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि रूंझ एवं मझगांय परियोजना पूर्ण होने से घर घर और खेत खेत पानी पहुंचेगा। विधायक ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश के उन्नति के पथ पर निरंतर अग्रसर होने का जिक्र करते हुए कहा कि आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। कुशल नीतियों के फलस्वरूप देश की अर्थव्यवस्था में निरंतर बढ़ोत्तरी हो रही है। विधायक ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ लोगों को आसानी से मिल रहा है। आयुष्मान योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीब परिवारों के जीवन में खुशहाली आई है। गरीब परिवारों को नि:शुल्क राशन वितरण सहित महत्वाकांक्षी योजनाओं की राशि भी पारदर्शी तरीके से सीधे बैंक खाते में पहुंच रही है। कृषकों को किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का लाभ भी आसानी से प्राप्त हो रहा है। वर्ष 2011 के सर्वे में आवास योजना के तहत स्वयं के पक्के आवास की सुविधा से वंचित लोगों को योजना के लाभ के लिए पुन: सर्वे कराया गया है। राशन की कालाबाजारी पर रोकथाम के लिए भी प्रयास किए गए हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे ने कहा कि स्थानीय विधायक के सार्थक प्रयास से क्षेत्रवासियों को निरंतर विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। लक्ष्मीपुर में कृषि महाविद्यालय शुरू होने से विद्यार्थियों को कृषि के क्षेत्र में आगे बढ़ने एवं कैरियर बनाने का बेहतर अवसर मिला है। साथ ही बृजपुर और खोरा में शासकीय महाविद्यालय खुलने से स्थानीय विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अध्ययन में सुविधा मिलेगी। जिला पंचायत अध्यक्ष ने शिक्षा को विकास का सबसे बड़ा माध्यम बताते हुए कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए जनकल्याण की भावना सर्वोपरि है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी ने अटल सुशासन भवन की रूपरेखा से अवगत कराते हुए कहा कि ये भवन ग्रामीण विकास के अहम कड़ी साबित होंगे। सीईओ ने जानकारी दी कि अजयगढ़ ब्लॉक में अन्य 5 भवनों का कार्य भी पूर्णता की ओर है और शीघ्र ही इन्हें लोकार्पित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा ग्राम पंचायत सरपंच एवं उनकी टीम के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र एवं शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष यादव सहित जिला पंचायत सदस्य दिनेश भुर्जी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, एसडीएम आलोक मार्को, जनपद पंचायत सीईओ सतीश नागवंशी, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार भी उपस्थित रहे।

## भगवान जगन्नाथ स्वामी पड़े बीमार स्नान यात्रा में शामिल हुए हजारों श्रद्धालु भक्त जन




**पन्ना।** पन्ना के जगन्नाथ स्वामी मंदिर में एतिहासिक परम्परा अनुसार रीति रिवाज के अनुरूप भगवान जगन्नाथ स्वामी भगवान बीमार हुए जिनका विधि विधान के साथ मंगलाचार पूजन महाआरती कर यात्रा स्नान हुए जहां श्रद्धालु भक्त महिला पुरूष एवं बच्चों की भारी भीड़ श्रद्धा भाव के साथ देखने को मिली और परम्परा अनुसार श्रद्धालुओं को मिट्टी के कलश लुटाएं गए जो श्रद्धालुओं ने उत्साह उमंग उल्लास के साथ लूटा और श्रद्धा भाव के साथ अपने अपने घर ले गए मन्दिर के पुजारी राकेश गोस्वामी दिनेश गोस्वामी द्वारा बताया गया कि यह परम्परा बहुत पुरानी है जो निरन्तर आज भी कायम है जिसे पन्ना नगर वासी शासन प्रशासन नेता समाजसेवी श्रद्धालु भक्तजन बड़े ही धूमधाम श्रृद्धा भाव के साथ मनाते हैं तथा भारी संख्या में शामिल होते हैं जगन नाथ के भात को जगत पसारे हाथ की परंपरा जारी है।

## प्रमोद आ रख का शाहनगर स्थानांतरण तत्काल भार मुक्त करने की मांग

**पन्ना।** एसडीएम कार्यालय अजयगढ़ में बरसों से पदस्थ सहायक ग्रेड 3 प्रमोद आ रख का स्थानांतरण कलेक्टर द्वारा शाहनगर तहसील कार्यालय कर दिया गया है क्योंकि वह वर्षों से अजयगढ़ में जमे हुए थे तथा इनकी कर प्रणाली से क्षेत्र के लोग परेशान थे जिसे देखते हुए जिला कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा स्थानांतरित कर दिया गया है लेकिन वह राजनीतिक जोड़-तोड़ लगाकर स्थानांतरण निरस्त कराना चाहते हैं क्षेत्र के लोगों ने संवेदनशील जिला कलेक्टर सुरेश कुमार से स्थानांतरण निरस्त न करने एवं तत्काल भार मुक्त करने की मांग की है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को, जीएडी ने जारी किए दिशा-निर्देश

**पन्ना**

इस वर्ष भी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग कार्यक्रम होंगे। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। विदित हो कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा योग को वैश्विक पहचान देते हुए वर्ष 2015 में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का एक दशक पूर्ण हो रहा है। इस अवसर पर वृहद रूप से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के साथ-साथ काउंटडाउन एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

योग दिवस पर जिला, विकासखंड एवं पंचायत स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रम होंगे। इसमें विद्यालयों, महाविद्यालयों, चिकित्सा एवं तकनीकी शिक्षा संस्थान, आयुष, नर्सिंग, पशु चिकित्सा, कृषि, शिक्षा, पॉलीटेक्निक, आईटीआई के साथ निजी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की भागीदारी रहेगी। समस्त संस्थानों में योग दिवस में भाग लेने के लिए आयुष मंत्रालय भारत सरकार की लिंक में आयोजक के रूप में पंजीयन कराया जाना है, जिससे भारत सरकार स्तर पर आयोजन की संख्या निर्धारित हो सके। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की निर्धारित थीम एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग रखी गई है। पर्यटन स्थलों पर भी सामूहिक योग के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। सामूहिक योग कार्यक्रम की शुरूआत 21 जून को प्रातरू 6 बजे से होगी। सामूहिक योग की प्रक्रिया प्रातरू 7.45 पर संपन्न हो जाएगी।

## एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर आधारित होगा 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**पन्ना।** जिला, विकासखण्ड एवं पंचायत स्तर पर 21 जून 2025 को सामूहिक योग कार्यक्रम का वृहद आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में समस्त शैक्षणिक सस्थानों के विद्यार्थी शामिल होंगे। साथ ही योग संस्थानों, एनसीसी, एनएसएस, पुलिसकर्मियों, विभिन्न प्रशिक्षण संस्थान, शासकीय सेवकों, स्वयंसेवी संगठन, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक संगठन सहित आम नागरिकों की भी सामूहिक योग कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

स्वैच्छिक होगा योग कार्यक्रम

योग एक शारीरिक एवं आत्मिक क्रिया है, जिसका किसी धर्म अथवा पंथ से कोई सबंध नहीं है। सामूहिक योग प्रदर्शन स्वैच्छिक होगा। समस्त शासकीय व अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा इसे आवश्यक रूप से आयोजित किया जाएगा। निर्धारित समय-सारणी अनुसार एक ही समय पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्थानीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों का उद्बोधन प्रात: 6 से 6रू30 बजे तक, भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण प्रात: 6.30 से 6रू40 बजे तक और विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण प्रात: 6रू40 से 7 बजे और योगाभ्यास प्रात: 7 से 7ः45 बजे तक होगा। प्रत्येक आयोजन स्थल पर पर्याप्त संख्या में योग प्रशिक्षक उपलब्ध कराए जाएंगे। इन्हें देखकर सभी सहभागी योग कर सकेंगे। आयोजन स्थल पर निर्बाध विद्युत प्रवाह, ध्वनि विस्तारक यंत्र एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। वर्षा की स्थिति में आयोजन इनडोर किया जा सकता है। सभी तहसील, विकासखण्ड, नगर पंचायत एवं ग्राम पंचायत क्षेत्रों में एक प्रमुख स्थान पर आयोजन होंगे। इन आयोजनों का व्यय स्थानीय निधि से किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर एनएसएस, एनसीसी कैडेट्स, विद्यालयीन छात्रों, कॉलेज छात्रों, शासकीय सेवकों, पुलिसकर्मियों, जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों के लिए पृथक-पृथक स्थान तय किए जाएंगे। दिव्यांगों के लिए आवश्यक विशेष व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाएंगी।

महिला एवं बाल विकास विभाग और अन्य विभागों द्वारा स्वसहायता समूह की महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। जिला कलेक्टर द्वारा आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों की व्यवस्था का पर्यवेक्षण और निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। निर्धारित स्थानों और संस्थाओं में आयोजन नियत समय पर व्यवस्थित रूप से संपन्न होना सुनिश्चित किया जाएगा।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार एवं प्रधान आरक्षक नीरज रैकवार होंगे रुस्तम अवार्ड से सम्मानित

**पन्ना।** पुलिस मुख्यालय मध्य प्रदेश भोपाल के द्वारा के. एफ. रुस्तमजी पुरस्कार वर्ष 2021-22 हेतु पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों की पुरस्कार हेतु सूची जारी की गई है । जिसमें पन्ना जिले के गुनौर थाने में पदस्थ निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार तात्कालिक थाना प्रभारी सिमरिया एवं नीरज रैकवार कार्यवाहक प्रधान आरक्षक को विशिष्ट श्रेणी में पुरस्कृत करने हेतु चयन किया गया है उन्हें उक्त पुरस्कार के तहत 50,000 /- पचास हजार नगद राशि एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। वर्ष 2021- 2022 में सिमरिया थाना में पदस्थापना के दौरान निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार। द्वारा कानून व्यवस्था के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया गया था जिसको लेकर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका नाम प्रस्तावित किया था इसी प्रकार प्रधान आरक्षक नीरज रैकवार द्वारा साइबर सेल पुलिस लाइन में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के के लिए उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है। गौरतलब है की मध्य प्रदेश शासन गृह विभाग मंत्रालय भोपाल के राजपत्र में निहित प्रावधानों के अंतर्गत के. एफ. रुस्तमजी पुरस्कार पुलिस बल के साहसिक कार्यों एवं मानव सेवा की भावना को सम्मानित करने के उद्देश्य प्रदाय किया जाता है।

## हल्का पटवारी से परेशान किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**पन्ना।** जिले की गुन्नौर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत हरीरा में पटवारी हल्का में पदस्थ पटवारी प्रदीप मौर्य से क्षेत्र के किसान परेशान है किसानों का कोई भी काम पड़ता है तो वह पटवारी को ढूंढते हैं लेकिन वह नहीं मिलते हैं महीनों किसान परेशान रहते हैं जिसको लेकर हल्का क्षेत्र के किसानों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही की मांग की है बताया जाता है कि पटवारी प्रदीप मौर्य के पास तीन-तीन हलकों का प्रभार है इसलिए वह किसी भी हल्के में समय नहीं देते हैं किसान भटकते रहते हैं।

## प्रशासन द्वारा मकान गिराए जाने को लेकर व्यापार मंडल ने पूर्व कैबिनेट मंत्री से की मुलाकात

**पन्ना।** श्री जुगल किशोर लोग बनाए जाने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा मनमानी ढंग से नगर पालिका के माध्यम से स्थानीय लोगों को नोटिस देकर जबरदस्ती आक्रमण हटाने के नाम पर लोगों के मकान गिराए जा रहे हैं जिसको लेकर चिंतित परिवारों द्वारा व्यापार मंडल के साथ क्षेत्रीय विधायक तथा पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह से उनके सिविल लाइन स्थित शासकीय आवास में मुलाकात की तथा प्रशासन की मनमानी कार्यवाही के संबंध में अपनी बात रखें व्यापारियों ने कहा कि 9 मीटर की रोड मास्टर प्लान में प्रस्तावित है लेकिन प्रशासन द्वारा जबरदस्ती 13 मीटर रोड बनाने की बात जा रही है जिससे व्यापारियों के मकान एवं प्रतिष्ठानों को भारी नुकसान हो रहा है व्यापारियों का कहना है की प्रशासन द्वारा जमीन का अतिक्रमण न किया जाए अधिग्रहण किया जाए।

पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने व्यापार मंडल से अन्याय न होने का आश्वासन दिया है तथा कहां है कि जिसके पास आवश्यक दस्तावेज हैउन सभी को उचित मुआवजा दिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव 13 जून को श्रमिक परिवारों के खातों में संबल योजनाओं की राशि करेंगे अंतरित

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता के प्रकरणों में सिंगल क्लिक से 13 जून को राशि अंतरित करेंगे। शुक्रवार को जबलपुर जिले के बरगी में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से हितग्राहियों को संबल योजना की राशि हस्तांतरित की जाएगी। योजना में अनुग्रह सहायता अंतर्गत दुर्घटना में मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रुपये प्रदान किये जाते हैं। स्थायी अपंगता पर 2 लाख रुपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 1 लाख रुपये तथा अंत्येष्टि सहायता के लिए 5 हजार रूपये प्रदान किये जाते हैं। संबल योजना में महिला श्रमिक को प्रसूति सहायता के लिये 16 हजार रुपये दिये जाते हैं। इसके अलावा श्रमिकों के बच्चों को महाविद्यालय शिक्षा प्रोत्साहन योजना में उच्च शिक्षा के लिये सम्पूर्ण शिक्षण शुल्क राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है। भारत सरकार के नीति आयोग की पहल पर गिग एवं प्लेटफार्म वर्कर्स को भी संबल योजना में सम्मिलित किया जाकर इनका पंजीयन प्रारम्भ किया गया है। इन्हें भी संबल योजना के अंतर्गत समस्त लाभ प्रदान किये जा रहे हैं। संबल हितग्राहियों को खाद्यान्न पात्रता पर्ची भी प्राप्त होती है, जिससे वे केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा रियायती दरों पर राशन प्राप्त कर रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के निर्माण श्रमिकों के लिये भी निर्माण मंडल के माध्यम से कई योजनायें संचालित की जाती हैं, इनमें निर्माण श्रमिकों की मृत्यु होने पर अनुग्रह सहायता तथा स्थायी एवं आंशिक अपंगता पर सहायता भी सम्मिलित है। सभी संबल हितग्राहियों को आयुष्मान भारत निरामय योजना अंतर्गत पात्र श्रेणी में चिन्हित किया गया है, उन्हें 5 लाख रुपये वार्षिक नि:शुल्क चिकित्सा का लाभ मिल रहा है।

## समाज में शांति एवं सौहार्द्र बनाने में पत्रकारों की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है हर सूचना समाचार नहीं होता: बृजेंद्र

**पन्ना।** समाज में शांति एवं सौहार्द कायम रखने के लिए पत्रकारों की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है क्योंकि पत्रकारों द्वारा चलाया गया समाचार समाज गंभीरता से लेता है इसलिए पत्रकारों को बड़ी जिम्मेदारी के साथ समाचारों का प्रकसान करना चाहिए टीआरपी बढ़ाना अच्छी बात है लेकिन उसका असर समाज में विपरीत नहीं होना चाहिए हर सूचना समाचार नहीं होता पत्रकारिता समाज हित में होना चाहिए उक्त विचार पूर्व कैबिनेट मंत्री तथा पन्ना विधानसभा क्षेत्र के विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने अजयगढ़ में आयोजित पत्रकार कल्याण परिषद के क्षेत्रीय अधिवेशन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए पत्रकारों को समाज के बीच में विश्वास पैदा करना होगा तभी पत्रकारों का सम्मान समाज का हर वर्ग करता है समाज ने भी पत्रकारों को चौथा दर्ज दिया है लोकतंत्र को सशक्त बनाने में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है समय के हिसाब से चीज़ बदलती हैं इन्हीं परिस्थितियों में हमें अपना सम्मान बरकरार रखना है प्रत्येक व्यक्ति सुबह से शाम तक समाचार देखता है उसी के आधार पर परिकल्पना होती है देश दुनिया को पत्रकारिता ने एक सूत्र में पिरोया है समय के हिसाब से अपडेट होने की आवश्यकता है पत्रकारिता समाज तथा देश हित में होना चाहिए अजयगढ़ के सामुदायिक भवन में पत्रकार कल्याण परिषद का आंचलिक अधिवेशन सम्पन्न हुआ उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष वेदांती त्रिपाठी व राष्ट्रीय संयोजक नईम खान द्वारा की गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह रहे विशिष्ट अतिथि में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सीता सरोज गुप्ता व उपाध्यक्ष राजकुमार खटीक, जिलाध्यक्ष संजय तिवारी ,हमिद खान संभागीय अध्यक्ष रीवा, हनुमंत प्रताप सिंह (रजऊ राजा) ,संजय सुल्लेरे मंडल अध्यक्ष सुरेश यादव व विजय पटेल सहित अधिकारियों में एसडीएम आलोक मार्को एसडीओपी राजीव सिंह भदौरिया,सीईओ सतीश सिंह नागवंसी,तहसीलदार सुरेन्द्र अहिरवार, बीएमओ डॉक्टर सुनील अहिरवार,नायव तहसीलदार डीआर अहिरवार,बीईओ नंदपाल सिंह ,थाना प्रभारी बखत सिंह ,कनिष्ठ यंत्री अमरदीप सिंह, चौकी प्रभारी में सावित्री राजपूत ,आनंदमोहन ,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मातादीन यादव मुस्लिम समुदाय के सदर प्रतिनिधि मोहम्मद तबरेज ,सहित प्राचार्य रागिनी नामदेव,एसएन गर्ग,वीरेंद्र मिश्रा ,क्रीड़ा अधिकारी रवि पाल पत्रकार कार्यक्रम में सामिल हुए ।

## नगर पालिका अध्यक्ष सहित दो अन्य के खिलाफ कलेक्टर ने किए नोटिस जारी

### भाजपा नेता ने की थी शिकायत आयुक्त के आदेश पर कलेक्टर हुए सक्रिय

**पन्ना।** कलेक्टर न्यायालय द्वारा नगर पालिका परिषद पन्ना क्षेत्र अंतर्गत अवैध कॉलोनी निर्माण पर तीन व्यक्तियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर आगामी 10 जुलाई को पेशी तिथि पर दोपहर 2 बजे पक्ष समर्थन के लिए उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर सुरेश कुमार ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना के प्रतिवेदन पर ग्राम पन्ना के सर्वे नंबर 403/1/1 रकवा 0.018 हे., सर्वे नंबर 403/2/1 रकवा 0.124 हे., सर्वे नंबर 405/1 रकवा 0.035 हे., सर्वे नंबर 405/2 रकवा 0.175 हे. कुल किता 4 कुल रकवा 0.3520 हे. भूमि पर संयुक्त रूप से निर्धारित प्रावधानों का उल्लघंन कर छोटे-छोटे भू-खण्ड विक्रय कर अवैध कॉलोनी के निर्माण पर नोटिस जारी किया है। उक्त कार्रवाई म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 339-क, 339-ख एवं 339-ग तथा म.प्र. नगर पालिका कॉलोनी विकास नियम 2021 के प्रावधानों के विपरीत कॉलोनी निर्माण करने पर की गई है।

इस संबंध में जारी नोटिस के माध्यम से कॉलोनी को अनधिकृत कॉलोनी घोषित करने, उपरोक्त भूमि तथा संबंधितजन के स्वामित्व की किसी अन्य भूमि को प्रश्नाधीन कॉलोनी में नागरिक अधोसंरचना के विकास कार्य पूर्ण करने के लिए अटैच करने तथा अनधिकृत कॉलोनी निर्माण का अपराध कारित करने पर कारावास व जुर्माना के लिए सक्षम न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत करने सहित थाना



में प्राथमिकी दर्ज कराने बावत् बिन्दुवार प्रत्युत्तर पेशी तिथि पर स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से अनिवार्य रूप से चाहा गया है। निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित न होने की स्थिति में एकपक्षीय कार्रवाई कर प्रकरण में प्रस्ताव अनुसार आगामी आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

जिला कलेक्टर द्वारा अवैध कॉलोनी निर्माण पर नगर पालिका अध्यक्ष मीना पाण्डेय पत्नी अरविन्द कुमार पाण्डेय उर्फ विष्णु पाण्डेय निवासी रानीगंज मोहल्ला तहसील एवं जिला पन्ना, पूनम यादव पत्नी महेन्द्र प्रताप सिंह यादव निवासी वार्ड नं. 14 बेनीसागर मोहल्ला तहसील एवं जिला पन्ना तथा सुमन गुप्ता पत्नी मनोज कुमार गुप्ता निवासी वार्ड नं. 11 बेनीसागर मोहल्ला तहसील एवं जिला पन्ना को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कॉलोनी निर्माण का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र, कॉलोनी विकास की अनुज्ञा, नगर तथा ग्राम निवेश से ले आउट स्वीकृति व अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं रेरा में पंजीयन कराए बगैर तथा किसी भी प्रकार का आंतरिक विकास किए बगैर अवैध कॉलोनी निर्माण करने पर जारी नोटिस के माध्यम से अन्य व्यक्तियों को भी अनधिकृत कॉलोनी घोषित करने के संबंध में अपनी आपत्ति निर्धारित तिथि के पूर्व न्यायालय में प्रस्तुत करने के संबंध में सूचित किया गया है। इसके अलावा तहसीलदार पन्ना, सीएमओ एवं उप पंजीयक पन्ना को भी आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। ज्ञात हो की उक्त मामले में भाजपा नेता जिला मंत्री अंकुर त्रिवेदी द्वारा मामले के संबंध में मुख्यमंत्री मिनट में शिकायत की गई थी जिसको लेकर आयुक्त नगरीय प्रशासन द्वारा कलेक्टर पन्ना को पत्र लिख कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं उक्त कार्रवाई से। हड़कंप मचा हुआ है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, शुक्रवार 13 जून 2025




निगम आयुक्त के निर्देश पर अनाधिकृत रूप से संचालित बरात घरों के खिलाफ नगर निगम द्वारा सख्त कार्यवाही लगातार जारी है। मैरिज गार्डनों पर नियमों के उल्लंघन को लेकर जुर्माना एवं तालाबंदी की कार्रवाई की गई।




## बहुती और त्योंथर फ्लो सिंचाई परियोजना का कार्य 31 अक्टूबर तक पूरा करें

### सिंचाई परियोजना के निर्माण कार्यों की बाधाएं समन्वय से दूर करें : कमिश्नर

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने संभाग की प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि जल संसाधन विभाग के इंजीनियर तथा निर्माण एजेंसी मिलकर सिंचाई परियोजनाओं का कार्य समय पर पूरा कराएं। सिंचाई परियोजना के निर्माण कार्य की सभी बाधाएं समन्वय से दूर करें। भू अर्जन तथा अन्य अन्तर्विभागीय मुद्दों को हर सप्ताह आयोजित साप्ताहिक टीएल बैठक में कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करें। बहुती सिंचाई परियोजना तथा त्योंथर फ्लो परियोजना एवं त्योंथर माइक्रो सिंचाई परियोजना का कार्य 31 अक्टूबर तक हरहाल में पूरा करें जिससे किसानों को गेंहू एवं अन्य फसलों की सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सके।




कमिश्नर ने कहा कि नहरों के निर्माण कार्य में तेजी लाएं। बारिश से पहले शेष कार्य पूरा करने का प्रयास करें। बहुती नहर में डम्प 4500 घनमीटर मिट्टी को अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के सहयोग से नहर से हटाएं। यदि किसी स्थान पर भू अर्जन के कारण किसान निर्माण कार्य में बाधा डाल रहे हैं तो उन्हें समझाइश देकर मुआवजा राशि का भुगतान कराएं। निर्माण कार्यों से आमजनता और किसानों को किसी तरह की परेशानी नहीं होना चाहिए। बहुती नहर में चार स्थानों पर सीपेज की समस्या है। इसे दूर करने के लिए सुधार का कार्य तत्काल शुरू कराएं। नईगढ़ी सिंचाई परियोजना में लगभग 20 किलोमीटर में नहर का निर्माण कार्य शेष है। इस परियोजना में 10 वर्ष से अधिक की देरी हो चुकी है। शेष कार्य 31 दिसम्बर 2025 तक पूरा कराएं। सतना जिले की रामनगर सिंचाई परियोजना में एक ट्रांसफार्मर लगाया दिया गया है। दूसरा ट्रांसफार्मर लगाकर शेष क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा दें।

कमिश्नर ने कहा कि सीतापुर-हनुमना लिफ्ट सिंचाई परियोजना के मुख्य बांध के निर्माण के लिए वन विभाग तथा पर्यावरण की मंजूरी के लिए पूरा प्रयास करें। इसके लिए कंसल्टेंट एजेंसी की सेवाओं का भी उपयोग करें। बैठक में कमिश्नर ने दौरी सागर परियोजना, गोंड़ सिंचाई परियोजना, बहरी नहर प्रणाली, सेमरिया परियोजना तथा सिरमौर माइक्रो सिंचाई परियोजना की समीक्षा की। बैठक में चीफ इंजीनियर जल संसाधन एके डेहरिया ने बताया कि बहुती परियोजना का कार्य 31 अक्टूबर तक पूरा हो जाएगा। इसका लगभग 91 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। शेष में तेजी से कार्य जारी है। त्योंथर फ्लो परियोजना 15 नवम्बर त्योंथर माइक्रो परियोजना 31 अक्टूबर, लोनी माइक्रो सिंचाई परियोजना 31 दिसम्बर 2026 तथा नईगढ़ी एक एवं नईगढ़ी दो माइक्रो सिंचाई परियोजना दिसम्बर 2025 तक पूरी हो जाएगी। सीतापुर-हनुमना परियोजना में बनाए जाने वाले बांध में 268 एमसीएम पानी का स्टोरेज होगा। इस परियोजना में 89 एमसीएम पानी बाणसागर बांध से लेकर सिंचाई की जाएगी। मुख्य बांध के निर्माण से पहले ही नहर से 89 एमसीएम पानी लेकर सिंचाई की सुविधा देने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में कार्यपालन यंत्री मनोज तिवारी, कार्यपालन यंत्री बीपी मिश्रा, कार्यपालन यंत्री एसएल तिवारी सिंगरौली, कार्यपालन यंत्री अमरदीप त्रिपाठी, कार्यपालन यंत्री एके वर्मा सतना, कार्यपालन यंत्री पीके त्रिपाठी सीधी, कार्यपालन यंत्री बीके ओझा तथा अन्य संबंधित अधिकारी और निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय समिति की बैठक 18 जून को

**रीवा।** जनजातीय कार्य विभाग के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक 18 जून को आयोजित की जा रही है। बैठक शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आरंभ होगी। इसकी अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल करेंगी। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग कमलेश्वर सिंह ने समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

## कलेक्टर आज करेंगी कृषि आदानों की समीक्षा

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 13 जून को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कृषि आदानों की समीक्षा करेंगी। बैठक में आगामी 18 जून को प्रस्तावित कृषि उत्पादन आयुक्त महोदय की समीक्षा बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं की भी विभागवार समीक्षा की जाएगी।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों को दी गई उन्नत खेती की जानकारी



**रीवा।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतिम दिन रीवा और मऊगंज जिलों में शिविर लगाए गए। इन शिविरों में कृषि वैज्ञानिक तथा कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मछलीपालन विभाग के अधिकारियों ने किसानों को खेती में और उससे जुड़े अन्य व्यवसायों को बेहतर करने की जानकारी दी। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि रीवा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पुरैनी में आयोजित शिविर में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे कृषि वैज्ञानिकों डॉ किंजल्क सिंह तथा डॉ स्मिता सिंह ने किसानों को बीजों के उपचार, नरवाई प्रबंधन, खाद के संतुलित उपयोग तथा फसलों में कीट प्रबंधन की जानकारी दी। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अंजली सिंह ने पशुओं के टीकाकरण तथा विभिन्न रोगों से उपचार की जानकारी दी। उन्होंने विभाग की डॉ अम्बेडकर कामधेनु योजना एवं आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना का लाभ लेकर पशुपालन की सलाह दी। शिविर में साक्षी द्विवेदी, कृषि विस्तार अधिकारी शुभम शुक्ला, दिव्या कुशवाहा, स्थानीय जनप्रतिनधिगण तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## मलेरिया से बचाव के लिए लोगों को किया जा रहा जागरूक

**रीवा।** जिले भर में एक जून से 30 जून तक मलेरिया निरोधक माह मनाया जा रहा है। इस अवधि में जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मलेरिया से बचाव के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। इस संबंध में जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती स्मृता नामदेव ने बताया कि मलेरिया जागरूकता के लिए नगर निगम रीवा के वार्ड क्रमांक 29 में संजीवनी क्लीनिक, जगन्नाथ वार्ड क्रमांक 42 में आंगनवाड़ी केन्द्र, चिरहुला वार्ड क्रमांक 42 में आंगनवाड़ी केन्द्र, वार्ड क्रमांक 26 में संजीवनी क्लीनिक तथा छत्रपति नगर नई बस्ती एवं कुठुलिया के वार्ड क्रमांक 45 में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। एम्बेड परियोजना के तहत आयोजित इन कार्यक्रमों में मलेरिया से बचाव, मच्छरों से बचाव तथा मलेरिया के उपचार के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया। मलेरिया और डेंगू की रोकथाम के लिए जिला मलेरिया कार्यालय एवं नगर निगम के कर्मचारियों की संयुक्त टीम घरों और कार्यालयों का लगातार निरीक्षण करके अनुपयोगी बर्तनों तथा घरों के आसपास मच्छर के लार्वा को नष्ट करने का कार्य कर रही है।

कुठलिया वार्ड क्रमांक 45 में नई बस्ती में आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक तीन में मलेरिया निरोधक माह जून की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिला मलेरिया कार्यालय की शिखा द्विवेदी व एंबेड की रीजनल कोऑर्डिनेटर कंचन सिंह और पीयूष मौर्य यूथ वालंटियर द्वारा आंगनवाड़ी में उपस्थित जन समुदाय को मलेरिया के बारे में जागरूक किया गया। जनसमुदाय को सभी वाहक जनित रोगों के बारे में जागरूक किया गया और पंपलेट वितरित किए गए। इसी क्रम में छत्रापति नगर वार्ड क्रमांक 26 संजीवनी क्लिनिक में भी कार्यशाला का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया तथा पंपलेट्स वितरित किये गये। साथ ही बुखार के मरीजों की मलेरिया की जांच के लिए रक्त के नमूने लिये गये।

## जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति की बैठक 20 जून को

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में 20 जून को शाम 4 बजे से जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल मार्च तिमाही की उपलब्धियों, बैंकों के ऋण-जमा अनुपात, किसान क्रेडिट कार्ड बनाने तथा प्राथमिक क्षेत्र में निवेश की बैंकवार समीक्षा करेंगी। बैठक में विभिन्न विभागों की बैंकों के सहयोग से लागू स्वरोजगार योजनाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की जाएगी। अग्रणी बैंक प्रबंधक जगमोहन ने सभी बैंकर्स तथा संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

## घरों में नल कनेक्शन का लक्ष्य 15 अगस्त तक पूरा करें

### कलेक्टर घरों में नल कनेक्शन की हर सप्ताह समीक्षा करें : प्रमुख सचिव

**रीवा।** लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के प्रमुख सचिव श्री पी नरहरि ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से रीवा तथा शहडोल संभाग में एकल नलजल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। प्रमुख सचिव ने कहा कि सभी एकल नलजल योजनाएं एक माह में पूरी कराकर उन्हें ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर कराएं। नलजल योजनाओं से घरों में नल कनेक्शन का शत-प्रतिशत लक्ष्य 15 अगस्त तक पूरा करें। इसके लिए कार्यपालन यंत्री मंथवार लक्ष्यपूर्ति की कार्ययोजना बनाकर उसके अनुरूप समस्त कार्यवाहियाँ करें। सभी कलेक्टर नलजल योजनाओं की प्रगति तथा नल




कनेक्शन की हर सप्ताह समीक्षा करें। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नलजल योजनाओं का कार्य पूरा कराने और घरों में नल कनेक्शन के लिए ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा तथा अन्य विभागों के उपयंत्री तैनात करें। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तय समय सीमा में पूरा कराएं। बैठक में प्रमुख सचिव ने कहा कि शहडोल और रीवा जिलों में घरों में नल कनेक्शन की सर्वाधिक संख्या शेष है। संबंधित कार्यपालन यंत्री इसके लिए विशष प्रयास करें। निर्माण एजेंसियों के आवश्यक होने पर तत्काल टेण्डर जारी करें। निर्माण एजेंसियों के पास सामग्री की उपलब्धता तथा संसाधनों का भी आकलन कर लें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में घरों में कार्यशील नल कनेक्शन तय समय सीमा में पूरे कर दिए जाएंगे। कार्य की प्रगति की मैं स्वयं हर सप्ताह समीक्षा करूंगा। लापरवाही बरतने वाले संविदाकारों और अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अधीक्षण यंत्री महेन्द्र सिंह, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, कार्यपालन यंत्री रीवा और मऊगंज संजय पाण्डेय, कार्यपालन यंत्री डीएल कनेल तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खाद के अवैध भण्डारण और परिवहन पर हुई कार्यवाही

### पुलिस ने जप्त की अवैध रूप से भण्डारित 600 बोरी डीएपी तथा 400 बैग जिप्सम खाद

**रीवा।** खाद के अवैध भण्डारण और परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि गत दिवस थाना प्रभारी चोरहटा द्वारा वाहनों की जाँच के दौरान चोरहटा के पास ट्रक में अवैध रूप से परिवहन की जा रही खाद की बोरियाँ पकड़ी गईं। ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर अवैध खाद से भरा ट्रक जप्त कर चोरहटा थाने में खड़ा कराया गया है। आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। ट्रक ड्राइवर से मिली सूचना के आधार पर इटौरा बाईपास में कृषि और पुलिस विभाग की टीम ने छापा मारा। छापे के दौरान विकास गुप्ता ट्रेडर्स दुकान से अवैध रूप से भण्डारित 600 बोरी डीएपी खाद तथा 400 बैग जिप्सम जप्त किया गया। कृषि विभाग के अधिकारियों ने सेमरिया में मनु ट्रेडर्स दुकान की भी जाँच की। दुकान में भी खाद का अवैध भण्डारण पाया गया। दुकान संचालक के चोरहटा स्थित गोदाम की भी जाँच की गई। इसमें भी अवैध रूप से भण्डारित खाद को जप्त करने की कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई सीएसपी रीवा, थाना प्रभारी चोरहटा, कृषि विभाग के निरीक्षक बीपी सिंह तथा सुरक्षा बल द्वारा की गई।

## उप मुख्यमंत्री ने विमान दुर्घटना पर व्यक्त किया शोक

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना पर गहन शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद में यात्री विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने का समाचार अत्यंत पीड़ादायक और व्यथित कर देने वाला है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने दुर्घटना में मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की है एवं शोक-संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रभावित परिवारों को इस असहनीय पीड़ा को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यशाला में नगर निगम रीवा की सहभागिता

**रीवा।** भोपाल स्थित रवींद्र भवन में 13 जून 2025 को नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा ''अमृत हरित महाअभियान'' के अंतर्गत एक दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का आयोजन प्रातः 08:30 बजे से सायं 05:00 बजे तक किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में नगर निगम रीवा से आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे स्वयं शामिल होंगे। उनके साथ निगम से चयनित अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी प्रतिनिधित्व करेंगे, जिनमें नोडल अधिकारी श्री अभिनव चतुर्वेदी, मास्टर ट्रेनर श्री पुनीत कुमार शुक्ल, श्री विक्रम सिंह तिवारी, माली श्री रामप्रकाश कुशवाहा, श्री रामकृपाल कुशवाहा शामिल होंगे। इनके साथ ही महिला अमृत मित्र के रूप में प्रशिक्षण के लिए स्वसहायता समूह से प्रतिनिधित्व करते हुए तीन महिला अमृत मित्र श्रीमती अंजुम आरा, श्रीमती सुधा कोल, श्रीमती सुशीला कोल शामिल होंगी।

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर विधिक सेवा प्राधिकरण में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**रीवा।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता बढ़ाना और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम में न्यायधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव समीर मिश्र ने कहा कि बाल श्रम न केवल बच्चों के भविष्य के लिए बाधक है, बल्कि यह एक कानूनी अपराध भी है। हमें मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी बच्चा मजदूरी के लिए मजबूर न हो और वह शिक्षा तथा सुरक्षित बचपन का अधिकार पाए। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के सहायक संचालक आशीष द्विवेदी ने विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी। बाल कल्याण समिति की चेयरमैन मीनाक्षी मिश्रा ने बताया कि समिति लगातार ऐसे मामलों की निगरानी कर रही है और ज़रूरत पड़ने पर बच्चों को बाल संरक्षण गृह में रखा जा रहा है ताकि उन्हें सुरक्षित और अनुकूल वातावरण मिल सके। कार्यक्रम में जिला श्रम अधिकारी प्रिया अग्रवाल ने बालश्रम निषेध अधिनियम की प्रमुख धाराओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बाल श्रम करवाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाती है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे ऐसे मामलों की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। बाल संरक्षण अधिकारी स्वाती श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों को शोषण से बचाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि कई बच्चों को रेस्क्यू कर शिक्षा और पुनर्वास की दिशा में प्रयास किए गए हैं। कार्यक्रम में अहिंसा वेलफेयर सोसायटी के समन्वयक सुमित सिंह ने गैर-सरकारी संगठनों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि समाज के जागरूक नागरिकों और स्वयंसेवी संस्थाओं को मिलकर यह लड़ाई लड़नी होगी। कार्यक्रम में बाल कल्याण समित की सदस्य विभा द्विवेदी, आरती शर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन अनीश पांडे ने किया। इस मौके पर कानून के छात्र भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इन छात्रों ने बाल अधिकारों और कानूनों पर अपने विचार प्रस्तुत किए और इस दिशा में जागरूकता अभियान चलाने की शपथ ली। कार्यक्रम में अंत में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।

## करें योग रहें निरोग के नारे के साथ निकाली रैली

### आयुष विभाग द्वारा चिन्मय सेवा आश्रम लक्ष्मणपुर में हुई कार्यशाला

**रीवा।** विश्व योग दिवस 21 जून को आयोजित किया जाएगा। इसके प्रचार-प्रसार और योग संगम में सहभागिता बढ़ाने के लिए आयुष विभाग द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लक्ष्मणपुर में आयुष विंग से चिन्मय सेवा आश्रम तक रैली निकाली गई। रैली में करें योग रहें निरोग, हर दिन योग सुखद जीवन का संयोग और एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग के नारे लगाते हुए स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, आशा कार्यकर्ता, जेएनसीटी और टीडी नर्सिंग महाविद्यालय के विद्यार्थी और स्वंयसेवी संगठन शामिल हुए।



रैली के बाद पितामह सदन चिन्मय सेवा आश्रम लक्ष्मणपुर में स्वस्थ्य यकृत और वृद्धजन स्वास्थ्य में योग की भूमिका विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता डॉ केके गौतम ने कहा कि वर्तमान समय में बदलते खान-पान और जीवनशैली के कारण समय से पहले कम उम्र में हृदयाघात, मधुमेह, कैंसर और लीवर की बीमारियां बढ़ रही हैं। इन सब बीमारियों से बचने का उपाय यौगिक जीवनशैली और खान-पान है। नियमित योगाभ्यास न सिर्फ हमारे शरीर को स्वस्थ और सुदृढ़ बनाता है बल्कि हमारी इम्यूनिटी सिस्टम को मजबूत कर रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। कार्यशाला में चिन्मय सेवा आश्रम के प्रमुख ब्राम्हचारी वल्लभ चैतन्य जी ने योग को आध्यात्मिक महत्व और निरन्तर साधना का मार्ग बताया। कार्यशाला में प्रांतीय कलाकार संघ संचालक राजेश शुक्ला ने योग के प्रति दृष्टिकोण में परिवर्तन की चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत सहित 121 देशों में योग गतिविधियां आयोजित हो रही हैं। इन गतिविधियों में बड़ी संख्या में आमजन सम्मिलित हो रहे हैं। योग सामाजिक समरसता का भी प्रतीक बना है। कार्यशाला में आभार प्रदर्शन उप सरपंच संदीप पाण्डेय एवं संचालन डॉ व्योमकेश शुक्ल ने किया। कार्यक्रम के अंत में हरित योग अंतर्गत पर्यावरण रक्षा की शपथ दिलाई गई और चिन्मय आश्रम परिसर में मौलश्री का पौधा रोपित किया गया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833